वर्ष-3, अंक-49
इन्दौर 11 रविवार 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020




प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com




# पाकिस्तान ने 3 घंटे में ही सीजफायर तोड़ा

## श्रीनगर समेत कई शहरों में ड्रोन अटैक किए; जम्मू, कठुआ, उधमपुर में ब्लैकआउट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने शनिवार शाम 5 बजे सीजफायर लागू होने के 3 घंटे बाद ही इसे तोड़ दिया। जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान और पंजाब में ड्रोन अटैक किए, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। ये जानकारी विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने रात 11 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की। हमने भारतीय सेना को फ्रीहैंड दे दिया है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी, अखनूर, पुंछ, नौशेरा, श्रीनगर,उधमपुर, आरएसपुरा और सांबा में शैलिंग और ड्रोन अटैक हुआ। फायरिंग के बाद से जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात के बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट कर दिया गया। 22 अप्रैल से 10 मई तक पाकिस्तान की गोलीबारी में 5 जवान शहीद हो चुके हैं। 60 जवान घायल हो चुके हैं। वहीं, 25 नागरिकों की मौत हो चुकी है और 50 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। इनके अलावा राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त (छ्छ्छ) डॉ. राज कुमार थापा भी पाकिस्तानी गोलाबारी में घायल हुए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### ट्रम्प ने सीजफायर की जानकारी दी थी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कल शाम करीब 5:30 बजे सीजफायर की जानकारी दी थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट कहा, रात में यूएस की मध्यस्थता में चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं। ट्रंप के बयान के 30 मिनट बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शाम 6 बजे प्रेस ब्रीफ किया। उन्होंने बताया कि दोनों देश अब एक-दूसरे पर सैन्य कार्रवाई नहीं करेंगे। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी युद्ध विराम पर सहमति जताई थी। लेकिन तीन घंटे बाद भारत के 4 राज्यों पर हमला कर दिया।


जालंधर के नाहला गांव में मिसाइल गिरने से हुए गड्ढे।

## भारत ने पाकिस्तान के उसी ठिए को मिटा दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की तरफ से शुक्रवार रात भी 26 शहरों पर ड्रोन अटैक करने की कोशिश की गई। हालांकि भारत के जबरदस्त डिफेंस सिस्टम के आगे ड्रोन और उसकी मिसाइलें पस्त हो गईं। हवा में भी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराया गया। जम्मू-कश्मीर और पंजाब में कई जगहों पर रह-रहकर विस्फोट की आवाजें सुनाई दीं। भारतीय सेना की बहादुरी और निर्भीकता से पूरी दुनिया परिचित है। इन्हे युद्ध कौशल में महारथ हासिल है। इसका परिचाय बीते चार दिनों से हमारे जवान लगातार दे रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को पाकिस्तान के वही लौन्च पैड मिटा दिए जहां से भारत के लिए ड्रोन भेजे



जा रहे थे। भारतीय सेना ने जम्मू के पास एक बड़ी कार्रवाई में पाकिस्तान की एक फ्रंटलाइन पोस्ट और आतंकी लॉन्च पैड को ध्वस्त कर दिया है। यह वही इलाका था जहां से ट्यूब लॉन्च ड्रोन के जरिए भारत पर हमले किए जा रहे थे। सेना की इस जवाबी कार्रवाई में वह लॉन्च साइट भी शामिल है जहां से आतंकी गतिविधियों के लिए ड्रोन भेजे जा रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, इस ऑपरेशन को सटीक इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर अंजाम दिया गया।बता दें कि पाकिस्तान की सेना और आतंकी मिलकर भारत पर वार करने की कोशिश करते हैं। पाकिस्तानी सेना की शह पर ही सीमा के पास में आतंकियों ने अपने लॉन्च पैड्स बना रखे हैं। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई करते हुए ना केवल आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया बल्कि जहां से एलओसी पर शेलिंग हो रही थी, उन पोस्ट को भी तबाह कर दिया। सेना ने कहा, उत्तर में बारामूला से लेकर दक्षिण में भुज तक, पाकिस्तान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर 26 स्थानों पर ड्रोन देखे गए हैं। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डों और एयरबेस सहित अन्य स्थानों पर ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया गया है।


पठानकोट के डमटाल में मिले मिसाइल के टुकड़े।

### पाकिस्तान का दावा निकला झूठा :

## भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर नहीं किया हमला

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान झूठ बोलने में माहिर है। अपने झूठ को सच साबित करने के लिए नीचे से नीचे गिर सकता है और कुछ भी कर सकता है। पाकिस्तान द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से भारत को नुकसान पहुंचाने और साजिश रचने के लिए तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक दावा ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमले को लेकर किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया है। पीआईबी के फैक्ट चेक ने इस दावे की पोल खोलकर रख दी है।




पीआईबी ने फैक्ट चेक में बताया कि सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में दावा किया जा रहा है कि भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया है, जबकि यह दावा पूरी तरह फर्जी है। एक्स हैंडल पर फर्जी वीडियो शेयर करते हुए लिखा, सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने के लिए ऐसे कंटेंट बनाए जाते हैं। कृपया सतर्क रहें। ऐसे वीडियो फॉरवर्ड न करें। इसके अलावा, एक पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया हैंडल ने भारतीय पायलट को पकड़ने का दावा किया, जो फर्जी निकला। पीआईबी ने फैक्ट चेक में पुष्टि करते हुए कहा कि भारतीय महिला वायुसेना पायलट को पकड़ा नहीं गया है। पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया हैंडल दावा कर रहे हैं कि भारतीय महिला वायुसेना पायलट, स्क्वाड्रन लीडर शिवानी सिंह को पाकिस्तान में पकड़ लिया गया है।

## बड़ी मिसाइलें दागने से नहीं चूक रहा पाकिस्तान

### भारत लगा रहा सटीक निशाने

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ी तनातनी भयंकर रुप धारण करती जा रही है। पाकिस्तान अब बड़ी मिसाइलों से हमला करने लगा है हालांकि भारत की सतर्कता के कारण सेना उन्हे ध्वस्त करती रही है। दोनों देश भयंकर युद्ध के मुहाने पर आ खड़े हुए हैं। अब तक छोटी मिसाइलों और ड्रोन से हो रहे हमले अब खतरनाक और बड़ी मिसाइल हमले में तब्दील हो गए हैं। हालांकि भारत पाकिस्तान की मिसाइलों को हवा में



ही मार गिराने में कामयाब है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने फतह-2 बलिस्टिक मिसाइल से हमला कर दिया। इसे सिरसा में निष्क्रिय कर दिया गया। वहीं भारत ने पाकिस्तान के इस्लामाबाद समेत कई एयरबेसों को निशाना बनाया जिसमें उसका भारी नुकसान हुआ है। पाकिस्तान हमले के जवाब में भारत ने भी बलिस्टिक मिसाइल से अटैक किया। पाकिस्तान ने ही इसका दावा किया है। भारत ने बलिस्टिक मिसाइल दागने की पुष्टि नहीं की है। वहीं श्रीनगर और पठानकोट एयरबेस के पास भी तेज धमाके सुनाई दिए। इन धमाकों के बाद किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सूत्रों का कहना है कि भारत ने पाकिस्तान के कम से कम तीन एयरबेस को निशाना बनाया है। वहीं पाकिस्तान का दावा है कि भारत ने बलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। भारत ने इस बात से इनकार किया है। भारत के हमले में पाकिस्तान को नुकसान भी हुआ है। वहीं पाकिस्तान से दागी गई मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया। बताया जा रहा है ।

## बीती रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आधा दर्जन मिलिट्री बेस को उड़ाया: कर्नल सोफिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ हमले की कोशिश की। इसका जवाब देते हुए भारतीय वायुसेना ने बीती रात पाकिस्तान के कई शहरों में तबाही मचाई। पाकिस्तान के 6 मिलिट्री बेस को उड़ा दिया, जहां से पाकिस्तान भारत के खिलाफ ड्रोन और मिसाइल हमला कर रहा था। कर्नल सोफिया कुरैशी ने भारतीय सुरक्षाबलों की कार्रवाई की हर जानकारी दी है। भारत के हमलों में पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा, पाकिस्तान द्वारा जानबूझकर हवाई ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारतीय सशस्त्र बलों ने त्वरित और सुनियोजित जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तान के तकनीकी प्रतिष्ठानों, कमांड और नियंत्रण केंद्रों, रडार साइटों और हथियारों के भंडार को निशाना बनाया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीम यार खान, सुक्कुर और चुनियन में पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को गोला-बारूद और लड़ाकू विमानों के जरिए निशाना बनाया गया। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान उन्होंने कहा कि पसरूर में रडार साइट और सियालकोट में विमानन बेस को भी सटीक गोला-बारूद से निशाना बनाया गया। इन कार्रवाइयों के दौरान भारत ने सार्वजनिक संपत्ति को कम नुकसान पहुंचाया। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा, एक त्वरित और सुनियोजित प्रतिक्रिया में भारतीय सशस्त्र बलों ने केवल चिन्हित सैन्य लक्ष्यों पर सटीक हमला किया। पाकिस्तान ने लगातार दुर्भावनापूर्ण गलत सूचना अभियान चलाने का प्रयास किया है, जिसमें भारतीय एस-400 प्रणाली को नष्ट करने, सूरत और सिरसा में हवाई अड्डों को नष्ट करने का दावा किया गया है। भारत पाकिस्तान द्वारा



फैलाए जा रहे इन झूठे दावों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, मैंने पहले भी कई मौकों पर कहा है कि पाकिस्तान की कार्रवाइयां उकसावे और तनाव बढ़ाने वाली हैं। जवाब में भारत ने पाकिस्तान की ओर से की गई इन उकसावे और तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाइयों का जिम्मेदाराना और संतुलित तरीके से बचाव किया है और प्रतिक्रिया दी है। आज सुबह हमने इस उकसावे और तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई को दोहराया।

### आतंकवादी ठिकाना नष्ट किया गया

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी के जवाब में जम्मू में अखनूर के सामने पाकिस्तानी सीमा क्षेत्र में स्थित एक आतंकवादी ठिकाने को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। बीएसएफ ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह आतंकवादी ठिकाना पाकिस्तान में सियालकोट जिले के लूनी में था। पाकिस्तान ने शुक्रवार रात नौ बजे से जम्मू सेक्टर में बीएसएफ चौकियों पर बिना उकसावे के गोलीबारी शुरू की जिसके बाद लूनी में आतंकवादी ठिकाने को नष्ट कर दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ ने गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान रेंजर्स की चौकियों और संपत्तियों को व्यापक नुकसान पहुंचा। बीएसएफ ने अखनूर क्षेत्र के सामने सियालकोट जिले के लूनी में स्थित आतंकवादी ठिकाने को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। प्रवक्ता ने कहा, भारत की संप्रभुता की रक्षा का हमारा संकल्प अडिग है।

Scanned with OKEN Scanner

## संपादकीय

### पाक को मुंहतोड़ जवाब



*भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर भारतीय सीमा में रहते हुए जो मिसाइल स्ट्राइक की है उसने पाकिस्तान में तैनात एचक्यू-9 मिसाइल की विफलता को उजागर कर दिया है। चीन और पाक द्वारा जो दावे किए जा रहे थे उसकी पोल खुल गई है। भारत ने हाल ही में सिंदूर ऑपरेशन के जरिए आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल अटैक कर पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों को करारा जबाब दिया है। यह हमला मंगलवार की देर रात करीब 1-45 बजे किया गया था। मात्र 7 मिनट के इस हमले में ब्राह्मोस सहित अत्याधुनिक मिसाइलों और हथगोलों का इस्तेमाल भारतीय सेना द्वारा किया गया। भारत ने इस हमले में सुनिश्चित किया था। पाकिस्तान का कोई भी नागरिक ठिकाना या बुनियादी ढांचा क्षतिग्रस्त ना हो। भारत की सैन्य नैतिकता और सामरिक सूझ-बूझ का परिचय मिलता है। पाकिस्तान और चीन की तरफ से बार-बार दावा किया जाता रहा है। एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम दुनिया के बेहतरीन सुरक्षा कवचों में एक है। यह सिस्टम अभी तक कहीं उपयोग नहीं हुआ था। चीन का दावा था, उसका यह सिस्टम अमेरिका के पेट्रियट, इजराइल के आयरन डोम और रूस के एस-400 से बेहतर है। भारतीय सेना की मिसाइलों ने चीन की इस तथाकथित अभेद्य रक्षा प्रणाली को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया, जिसके कारण चीन की पोल खुल गई है। पाकिस्तान भी हैरान और परेशान है, चीन से उसने सबसे ज्यादा रक्षा सामग्री एवं सैन्य उपकरण खरीदे हैं। भारत की सेना द्वारा जिस तरह की रक्षा प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है उसको देखते हुए पाकिस्तान अब यह नहीं समझ पा रहा है, कि वह भारत का मुकाबला किस तरह से करेगा। चीन द्वारा पाकिस्तान को सौंपा गया यह सिस्टम एक भी भारतीय मिसाइल को इंटरसेप्ट नहीं कर पाया। पाकिस्तान की सेना और वायुसेना पूरी तरह अलर्ट मोड पर थीं। इस असफलता ने चीन की रक्षा तकनीक और उपायों की वास्तविकता उजागर कर दी है। भारत ने बिना हवाई हमले और बमवर्षक विमानों का प्रयोग किये बिना ही यह दिखा दिया है। आधुनिक युद्ध केवल सैनिकों की संख्या से नहीं, बल्कि रणनीति, तकनीक और संयम से जीते जा सकते हैं। भारतीय सेना ने इस अभियान में न केवल तीनों सेनाओं की एकजुटता, भारतीय सेना का सैन्य कौशल दिखाया, वरन यह भी साबित कर दिया, कि भारत अब केवल जुबानी प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं रहा। आवश्यकता पड़ने पर भारत निर्णायक कार्रवाई करने वाला राष्ट्र बन चुका है। जो दुश्मन के घर जाकर सटीक निशाना साधकर अपने दुश्मनों से बदला ले सकता है। इस घटनाक्रम से सैन्य विश्वसनीयता और क्षमता को लेकर विश्व में भारत की स्थिति मजबूत हुई है। अमेरिका, यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों को भारत द्वारा पहले से सूचित किया जा चुका था। यह भारत की वैश्विक कूटनीति की समझ और पारदर्शिता को प्रदर्शित करता है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के भीतर हड़कंप मचा हुआ है।*

# आपरेशन सिंदूर ने किया पाक का आंतकी चेहरा बेनक़ाब



भारतीय सेना ने 6 मई की मध्य रात्रि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला कर आतंकवाद की पनाहगाहों को नेस्तनाबूत कर दिया। आपरेशन सिंदूर 22 अप्रेल को भारत राष्ट्र के जम्मू कश्मीर राज्य मे स्थित पहलगाँव मे पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद भारतीय सेना की जवाबी कार्यवाही का हिस्सा है। इस कार्यवाही ने भारतीय सेना ने अहम सन्देश को विश्व के सामने रखा की %सिविलियन से कोई बैर नहीं आतंकवादियों की खैर नहीं%। इस घटनाक्रम के बाद तेजी से चलते दृश्यों मे सारी दुनियाँ ने देखा पाकिस्तानी सेना और आतंकवाद का कितना करीबी रिश्ता है। यह रिश्ता बार-बार उजागर हुआ है। भारत के खिलाफ होने वाली आतंकवादी घटनाओं शामिल आतंकी सरगना मसूद अजहर के रिश्तेदारों के जनाजों मे सेना के अधिकारीयों का शामिल होना इस बात को पुख्ता करता है की पाकिस्तानी सेना आतंकी घटनाओ को इन आतंकवादियों की सहायता से भारत मे अंजाम देती रही है। पाकिस्तानी सेना ही बरसों से इन आतंक के सरगनाओं की पोषक बनी हुई है।

इस वक़्त सारी दुनियाँ आंतकवाद की काली कारतूतों से तंग है, दुनियाँ के सभ्य लोग शांति से अपना जीवन जीना चाहते है, भारत भी दुनियाँ की तरह पाक प्रायोजित आतंकवाद से प्रभावित है। आतंकवाद के गहरें जख्मो की पीड़ा भारत लम्बे समय से भुगत रहा है। जिसने कई बच्चों से अपने पिताओं को छीन लिया, महिलाओं से उनका सिंदूर छीन लिया। आतंकवाद के जख्मो की इन पीड़ादायी कहनियों आतंकवाद की मदद कर रही पाक सेना द्वारा संचालित इन शिविरों मे ही लिखा गया है। विश्व के सबसे बड़े प्रजातंत्रिक राष्ट्र भारत की अस्मिता पर हाथ डालते हुए 13 दिसम्बर 2001 को संसद भवन पर हमला किया था। हमला करने वाले लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद नामक आतंकवादी संगठन थै। 2002 मे अक्षरधाम मंदिर पर आतंकी हमला, नवम्बर 2008 मे मुंबई पर समुद्री रास्ते से आए पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जो इस्लामी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े थै, जिन्होंने गोलियों और बम विस्फोट से 166 लोगों की हत्या कर दी थी करीब 300 मासूम इस हमले मे घायल हो गए थै, इस हमले मे जिन्दा पकड़ाए आंतकवादी अजमल कसाब ने अपने पाकिस्तानी होने और पाकिस्तान स्थित ट्रेंडिंग मे केम्पो मे भारत के विरुद्ध आतंकवादी तैयार करने की बात जाँच ऐजेंसियों को बताई थी, इन हमलों मे 2016 का उरी हमला, 2019 का पुलवामा और अभी 2025 का पहलगाम हमला शामिल है, वर्ष 1999 मे कंधार विमान अपहरण कर तीन आंतकवादियों को छुड़ाने का ज़ख्म भी पीड़ायायक और क्रोधित करने वाला है। अभी पहलगांव मे हुए हमले मे आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी। भारत पर पाकिस्तानी हमलों के गहरे जख्म है, किंतु भारत की सेना ने पहलगाँव हमले के बाद बड़ी सैन्य कार्यवाही करते हुए पाकिस्तान मे संचालित पाक सेना के सहयोग से चलने वाले इन आतंकी शिविरों को नष्ट्र कर दिया। इन हमलों से बौखलाए पाक ने भारत के सीमावर्ती शहरों मे ड्रोन और मिसाइलो से हमला किया इन हमलों को भारत ने विफल कर दिया। 8 मई की शाम कर्नल सौफ़िया और विंग कमाण्डर व्योमिका सिंह ने मिडिया को बताया



बुधवार को पाकिस्तान ने उत्तरी पश्चिमी सीमा पर कुछ शहरों को निशाना बनाया जिसे भारतीय सैन्य बल ने विफल कर दिया। भारतीय सैन्य बलो ने जवाबी कार्यवाही मे पाकिस्तान मे घुसकर लाहौर, कराची, गुजरावाला जैसे 8 शहरों को निशाना बनाया है। आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का असली चेहरा तब उजागर हुआ ज़ब आतंकियों के जनाजे मे पाक सेना के अधिकारी और लश्कर-ए-तैयबा कमाण्डर अब्दुल रहुफ साथ-साथ दिखाई दे रहे है, भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने तस्वीर जारी कर दुनियाँ को पाकिस्तानी आतंकी चेहरे से अवगत कराया जो भारत के खिलाफ बरसों से आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहा है। आपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सैन्य बलो की कार्यवाही ने पाक के इस आतंकी चेहरे को बेनक़ाब किया है। भारत की सेना ने अपने शौर्य से पाकिस्तान मे घुसकर आंतकवाद की जड़ों को कुचलने का कार्य किया। आंतक को जड़मूल से खत्म करने की यह लड़ाई लम्बी चलेगी अभी इसकी शुरुवात है। ऐसे समय जब देश की सेना युद्ध के मैदान मे निर्णयक लगाई लड़ रही हो तब देश के आम नागरिकों का यह दायित्व बन जाता है की वह इस दौरान भारत की राष्ट्रीय एकता को मजबूत रखे। भारत की यही मजबूती उसे विश्व पटल पर पाकिस्तान को आतंकी और गैरजिम्मेदार राष्ट्र घोषित करने का आधार बनेगी। आपरेशन सिंदूर के बाद भारत के सभी दलों ने सेना की कार्यवाही को सराहा है। भारतीय सेना पर गर्व होने की बात कही है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना की कार्यवाही की सराहना करते हुए कहा ये तो होना ही था, पूरा देश हमारी और देख रहा था। हमें अपनी सेना पर गर्व है।

जब देश युद्ध के मोर्चे पर हो तब नागरिक समाज का दायित्व बढ़ जाता है, इस दौरान नागरिकों को अपने दायित्वों का निर्वहन करना होता है, भारत राष्ट्र मे अनेकों विविधताओं के बावजूद राष्ट्रीय एकता के दर्शन होते है। नागरिक समाज मे भी राष्ट्र भक्ति का ज्वार फुट रहा है, पाकिस्तान की आतंकी घटनाओं से तंग भारत का नागरिक तीखी प्रतिक्रियाओं से अपनी बात रख रहा है। आपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की सेना ने पाकिस्तान मे चल रहे आतंकी शिविरों को नष्ट्र कर दुनियाँ को यह सन्देश दिया है की भारत अपने खिलाफ आतंकी घटनाओं को अब सहन नहीं करेगा। देश की सेना इसी दिशा मे बढ़ रही है, आपरेशन सिंदूर ने पाक के आतंकी चेहरे को बेनक़ाब किया है।

इस अवसर पर एक गुमनाम रचनाकार की यह पंक्तियाँ सोशल मिडिया पर खूब चर्चित हो रही है -

आज उगते सूरज में डूबता आंतकवाद देखा,
आपरेशन सिंदूरसे डरता पाकिस्तान देखा,
सिंदूर की रक्षा करता भारत का जवान देखा,
मैंने फिर आज भारत महान देखा।

**नरेंद्र तिवारी स्वतंत्र लेखक**
**7, शंकर गली मोतिबाग**
**सेंधवा जिला बड़वानी मप्र।**
**मोबा-9425089251**

## मां और मदर्स डे



क्या मां आप अभी तैयार नही हुई, मैने आपको कभी से बोल दिया था ना कि जल्दी से तैयार हो जाना। गौरव ने अपनी मां से नाराज लहजे मे कहा। मां ने कहा बेटा घर के काम मे जरा देर हो गई, बहु अभी तक उठी नही है ना। अच्छा मे अभी झट से तैयार हो कर आती हु। सुशीला जी यह सोच कर फटाफट तैयार हो कर आ गई कि शायद गौरव उनको मंदिर ले जा रहा होगा, क्योकि वे कई दिनो से खजराना गणेश जी के मंदिर ले जाने का कह रही थी। उन्होने अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए पुछा - बेटा यह तो बता कि हमे जाना कहा है। गौरव ने कहा- मां हमे कही नही जाना है। सुशीला जी , गौरव की बात सुनकर चौक गई,और कहा- बेटा जब हमे कही जाना ही नही है तो, तुने मुझे तैयार होने को क्यो कहा ? गौरव ने कहा- मेने आपको तैयार होने के लिए इसलिए कहा कि कल ÷मदर्स डे÷ है और मुझे सोशल मीडिया पर आपके साथ कुछ अच्छे फोटो अपलोड करना है। गौरव की यह बात सुनकर सुशीला जी कुछ बोली नही, परंतु मन ही मन सोच रही थी कि कैसा दिखावे का जमाना है ।

**आशीष सकलेचा, जावरा**
**9827797229**

## बिन मोबाईल खाना

वृंदाजी अपने आलीशान बंगले में रात के समय में डाइनिंग टेबल पर खाना रखकर परिवार के बाकी सदस्यों का खाने के लिये इंतजार कर रही थी। उन के परिवार में उनके रिटायर्ड फौजी पति,एक बेटी, दो शादीशुदा बेटे-बहू आदि से भरा-पूरा परिवार है।

वृंदाजी को डाइनिंग टेबल पर उदास बैठा देखकर बड़ा बेटा निलाभ आया और बोला मां, खाना तैयार हो गया ? वृंदाजी बोली,हां बेटा तैयार है पर किसी को भी मोबाईल से फुर्सत नहीं है मैं कब से सभी का खाना खाने के लिये इंतजार कर रही हूं। तभी निलाभ ने परिवार के बाकी सदस्यों को खाना खाने के लिये बुलाया और मां से बोला मैं कुछ बोलूं तो आप चुप रहना। एक एक करके परिवार के सभी सदस्य अपने हाथों में मोबाईल लिये डाइनिंग टेबल पर पहुंचे और खाने के लिये प्लेटें लेने लगे। तभी निलाभ ने कहा, खाना खाने लेने के पहले मम्मी की एक शर्त है और वह यह है कि खाना खाने के पहले आप सभी को अपने अपने मोबाईल को अलग रखने होंगे तभी सबको खाना मिलेगा। वृंदा जी की इस पहल का सबसे पहले उनके रिटायर्ड पति ने ताली बजा कर स्वागत किया और उठकर अपना मोबाईल अलग रखा फिर एक एक करके परिवार के बाकी सदस्यों ने अपने अपने मोबाईल अलग रख दिये अब वृंदा जी का चेहरा खिल उठा और परिवार के सभी सदस्यों ने निश्चिंत हो कर खाना खाया और यह प्रण लिया कि आगे सभी डाइनिंग टेबल पर बिना मोबाईल लिये खुशनुमा माहौल में एक साथ खाना खायेंगे।

**प्रेमनारायण वेद, इंदौर**

## भोर

सवेरे-सवेरे विजय अखवारवाला आ गया। गत माह के अखबार का बिल दिया। बिल देखकर प्रणय ने कहा ---रूको! इसका पैसा लेता जाना। वह रूक गया और उसके करीब आ गया। प्रणय ने पूछा--- बहुत दिनों के बाद दिखाई दिये। बीमार थे क्या?जी।अंकल जी। छह माह बाद आया हूँ। बीमार हीं कहिये। सुनकर उसने तुरंत सबाल किया--- बीमार कहिये, मतलब? विजय विस्तार से कहने लगा--- आप तो जानते हीं हैं, बचपन से हीं मैं अखबार बेचता हूँ। इसी में शादी हुई,बचे हुए। घर बना और बचे भी पढ़ लिख कर काबिल बन गये।सबकी अछी नौकरी लग गयी। वह इतना कुछ सुनना नहीं चाह रहा था। बीच में पूछ बैठा--यह तो अछी और सुखद बात है। यह तो बताओ बीमार कैसे पड़े। बताता हूँ अंकल जी! गत दशहरा सब बचे आये।उन्हें अछा नहीं लगता कि मैं अखबार बेचूं। उन्हें किसी को मेरा यानि अपने पिता का परिचय देने में शर्मिन्दगी महसूस होती थी। नौकरी लगते हीं कहने लगे कि मैं यह काम छोड़ दूं। मैं अनसुना करता रहा,और कहता रहा कि कोई काम छोटा नहीं होता; छोटी होती मानसिकता।वह नहीं माना। इस बार एकदम अड़ गया कि यह काम नहीं छोड़ेंगे तो हम घर नहीं आयेंगे, फोन भी नहीं करेंगे। बाप तो बेटा से हीं हारता है। मान गया मैं।तुम्हारा पेपर तो बराबर आता रहा है।जी। अंकल जी! मेरे स्वीकृति पर उसने कहा बहुत काम किये,अब आराम कीजिये। पैसे के लिए हम हैं न,हर माह भेज देंगे। सुनकर सब बचे आये। कहा -- आज पता चला ब्रह्म मुहूर्त में जगना शरीर को निरोग रखता है और साइकिल चलाना बहुत अछा व्यायाम है।फिर संतानों ने तुम्हें अखबार बांटने के लिए कहा। अब उसके सम्मान में बट्टा नहीं लगता।उसका कहना था कि सम्मान से यादा जरूरी है स्वास्थ्य रहना। प्रणय से भुगतान लेकर वह चला गया।

**पंडित चन्द्रशेखर,**

## व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद, सेंसेक्स 880 , निफ्टी 266 अंक गिरा



**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। पाकिस्तान के साथ जारी संघर्ष तेज होने से भी बाजार पर दबाव पड़ा जिससे विदेशी निवेशक सावधानी बरत रहे हैं। आज कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक-स और एनएसई निफ्टी दोनों में ही गिरावट रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर अधारित बीएसई सेंसेक्स में करीब 880 अंकों की गिरावट के साथ ही 79,454 के स्तर पर बंद हुआ है जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 266 अंक नीचे आकर 24,008 के लेवल पर बंद हुआ है। आज सेंसेक्स 30 के 5 शेयर बढ़त पर बंद हुए जबकि 25 में गिरावट रही। इंडेक्स की बात करें तो आज निफ्टी पर बैंक, आईटी, एफएमसीजी, फार्मा, फाइनेंशियल, आटो, मेटल और रियल्टी इंडेक्स भी गिरावट पर बंद हुए। आज के सबसे अधिक लाभ वाले शेयरों में टाइटन, एलएंडटी, टाटा मोटर्स , एसबीआई शामिल रहे. जबकि नुकसान वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, उल्ट्रासीमेको, बजाजफाइनेंस, रिलायंस शामिल हैं। इससे पहले गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। आज के कारोबार में प्रमुख एशियाई बाजारों में मिश्रित रुख देखने में आया। इसके पहले गुरूवार को अमेरिकी बाजार बढ़त पर बंद हुए थे। गुरूवार को डाओ जोंस में 254 अंकों की तेजी रही और यह 41,368.45 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं नेडसेक में 190 अंकों की बढ़त रही और यह 17,928.14 के स्तर पर बंद हुआ जबकि एसएंडपी 500 इंडेक?स करीब 33 अंक बढ़कर 5,663.94 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार बड़ी गिरावट पर खुले। प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी-50 आज 24 हजार जबकि बीएसई सेंसेक्स 79 हजार के नीचे खुला। बाजार में जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान के साथ ताजा घटनाक्रमों से बाजार पर प्रभाव पड़ा है। सेंसेक्स शुक्रवार को बड़ी 1300 अंक से अधिक की गिरावट लेकर 78,968.34 पर खुला। हालांकि, कारोबार शुरू होते ही इंडेक्स में रिकवरी देखने को मिली। सुबह शुरुआत के बाद यह 378.60 अंक की गिरावट लेकर 79,956.21 पर था। इसी तरह निफ्टी- भी बड़ी गिरावट के साथ 23,935.75 अंक पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद यह 204.05 अंक की गिरावट के सतह 24,069.75 पर कारोबार कर रहा था।

## गूगल ने फिर दिखाया 200 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टेक दिग्गज गूगल में फिर से कर्मचारियों की छंटनी की खबरें मिल रही है। रिपोर्टों की मानें तो कंपनी ने अपने ग्लोबल बिजनेस यूनिट में से करीब 200 कर्मचारियों को कंपनी से निकाल निकाल दिया है। गूगल के लिए यह टीम दुनियाभर में सेल्स और पार्टनरशिप का काम देखती है। बताया जा रहा है कि बड़ी-बड़ी टेक कंपनियां आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक ध्यान दे रही हैं। एक बड़े पैमाने पर इंडस्ट्री में बदलाव हो रहा है और शायद कर्मचारियों की छंटनी की भी यही वजह हो सकती है। इस वजह से कंपनी कर रही स्मॉल एडजस्टमेंट गूगल के इस कदम की जानकारी द इन्फॉर्मेशन ने अपनी रिपोर्ट में दी है। बताया जा रहा है कि कंपनियां डेटा सेंटर और एआई डेवलपमेंट पर खर्च कर रही हैं। इसके चलते कई पुराने सेगमेंट्स खत्म हो रहे हैं या वहां कर्मचारियों की संख्या कम की जा रही है। रॉयटर्स को दिए एक बयान में गूगल ने इन बदलावों को स्मॉल एडजस्टमेंट बताया। इनका मकसद सहयोग को अधिक बढ़ावा देना और ग्राहकों को कितनी जल्दी सेवाएं दी जा रही हैं, इसमें सुधार करना है।



## सभी पेट्रोल पंपों पर 10 मई से डिजिटल पेमेंट बंद

**नई दिल्ली ।** देश भर में जहां डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं एक बड़ा फैसला महाराष्ट्र के नागपुर से सामने आया है, जिसने रोजाना पेट्रोल पंप पर जाने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है। मोबाइल स्कैन कर पेट्रोल भरवाने वाले वाहन चालकों के लिए अब मुश्किल खड़ी होने वाली है, क्योंकि नागपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर डिजिटल पेमेंट बैन कर दिया गया है। विदर्भ पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने ऐलान किया है कि 10 मई से नागपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर डिजिटल पेमेंट को पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इसका सीधा मतलब है कि अब पेट्रोल या डीजल भरवाने के लिए आपको कैश लेकर जाना जरूरी होगा, वरना आपको ईंधन नहीं मिलेगा। फिलहाल लोग पेटीएम, गूगल पे, फोनपे, कार्ड आदि के जरिए भुगतान करते हैं, लेकिन यह सुविधा कुछ ही दिनों में बंद हो जाएगी। पेट्रोल पंप संचालकों ने पहले से ही ग्राहकों को सतर्क करना शुरू कर दिया है। यह निर्णय किसी तकनीकी खराबी या सरकारी आदेश के तहत नहीं लिया गया, बल्कि पेट्रोल पंप मालिकों की साइबर फ्रॉड से तंग आकर लिया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि पिछले कुछ समय में लगातार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां लोग नकली या फर्जी डिजिटल ट्रांजेक्शन दिखाकर पेट्रोल भरवा लेते हैं। इसके बाद वे राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर झूठी शिकायत दर्ज करवा देते हैं कि उनका पैसा काट लिया गया, जिससे पेट्रोल पंप मालिकों के बैंक खाते सीज (फ्रीज़) हो जाते हैं। इसके चलते पेट्रोल पंप के संचालन पर बड़ा असर पड़ा है।

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ ही 85.43 पर बंद हुआ। पाकिस्तान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच रुपया आज सुबह शुरुआती कारोबार में 30 पैसे टूटकर 85.88 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच भू-राजनीतिक तनाव के कारण निवेशक सतर्क हो गए हैं जिससे रुपये में कमजोरी आई। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर की बढ़ती मांग ने निवेशकों की भावनाओं को और प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.88 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव से 30 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.58 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 फीसदी की बढ़त के साथ 100.65 पर रहा।

Scanned with OKEN Scanner

## डॉ.अजय जैन बने रिसर्च फाउंडेशन ऑफ इंडिया और आरएफआई केयर के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक

इंदौर । शिक्षा और शोध जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ.अजय जैन को रिसर्च फाउंडेशन ऑफ इंडिया तथा आरएफआई केयर का अंतर्राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया गया है । यह नियुक्ति उनके शैक्षणिक अनुभव, नवाचारों, शोध लेखन, राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क और प्रशासनिक दक्षता को ध्यान में रखते हुए की गई है।

डॉ. जैन की यह नियुक्ति न केवल संस्था के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि भारतीय शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्र को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाने की दिशा में भी एक बड़ा प्रयास मानी जा रही है । रिसर्च फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा देश-विदेश में उच्च शिक्षा, कौशल विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें अब डॉ. जैन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी ।

## क्लेम के क्षेत्र में उल्लेखनीय पैरवी करने वाले अभिभाषक को पुरुस्कार मिलेगा

इंदौर। उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ, इंदौर द्वारा उच्च न्यायालय स्थित गंभीर लाइब्रेरी में वार्षिक लेक्चर श्रंखला 2024-25 में बिमा कंपनी के वरिष्ठ अभिभाषकश्री प्रदीप गुप्ता का व्याख्यान रखवाया गया जिसमे की संघ के काफी संख्या में अभिभाषकों द्वारा भागीदारी की गई।

व्याख्यान के पश्चात् श्री प्रदीप गुप्ता अभिभाषक द्वारा क्लेम के क्षेत्र में 5 वर्ष तक की वकालत (नवीन अभिभाषक) जो की क्लेम के क्षेत्र में उल्लेखनीय पैरवी करते हैं, उपरोक्त अभिभाषक को उनकी और से 11000/- प्रतिवर्ष दिए जाने की घोषणा की गई।

उपरोक्त सन्दर्भ में कमेटी का गठन किया गया जिसमे श्रीकिशोर गुप्ता अभिभाषक, लोकेश मेहता अभिभाषक एवं महिला प्रतिनिधि के रूप में सुश्री अपूर्वा शुक्ला अभिभाषक को कमेटी में लिया गया जिनके द्वारा प्रतिवर्ष अभिभाषक का चयन कर उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ को सूचित किया जावेगा एवं संघ द्वारा जनवरी माह में होने वाले कार्यक्रम के दौरान उक्त नगद पुरुस्कार सम्बंधित अभिभाषक को प्रदान किया जावेगा। अध्यक्षीय उदभोदन अध्यक्ष रितेश ईनाणी द्वारा दिया गया, कार्यक्रम का संचालन सचिव लोकेश मेहता अभिभाषक द्वारा किया गया ।

## अंतर भारती बिरादरी का स्थापना दिवस 10 मई कों श्रम शिविर कार्यालय में 11 बजे मनाया गया

इंदौर। 10 मई को 11 बजे श्रम शिविर कार्यालय पर अंतर भारती बिरादरी का स्थापना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता इंटक के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सुन्दर यादव ने की मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण पाठक अध्यक्ष इंदौर मिल मजदूर संघ ने की। कार्यक्रम में प्रताप सिंह डांगी प्रबंध न्यायाशी अंतर भारती. बिरादरी. जानकीलाल पटेरिया. म. प्र. समन्वयक. सुमिति कुमार जैन. अमर चंद वर्मा. रुपेश शुक्ला. हरनाम सिंह धारीवाल. महेंद्र सिंह सीकरवर. देवीसिंह सेंगर. शिवप्रसाद.उपस्थित थे।

यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि अंतर भारती के संस्थापक स्व. शाने गुरु जी के दुवरा छुआ --छूत के लिए आंदोलन किया था उस का परिणाम है कि . जब से मंदिर में समाज के सभी वर्गो के लिए प्रवेश होने लगा.उनका विचार हमारे देश की युवा पीढ़ी से भी था कि जो फिल्मो और नाच गाने में लगे रहते है. वे देश के विकास में पढ़ाई पर ध्यान दे. और समाज की संस्कृति और नीति से देश के विकास में सहयोग करे. क्योंकि देश के विकास में युवा ओ का योगदान कम था। देश के विकास में समय आने पर हमारे देश की महिला शक्ति ने भीअपनी रकम देश के लिए निछावर कर दी. कार्यक्रम का संचालन जानकीलाल पटेरिया ने किया.और गरु जी का लिखा गीत. धर्म तों एक ही सच्चा जगत कों प्यार देवे हम गीत गया.अंत में आभार सुमति जैन ने माना. यहां जानकारी जानकीलाल पटेरिया ने दी।

## चिह्नित दवाईयां बगैर प्रिस्क्रिप्शन के नहीं बेच सकेंगे मेडिकल स्टोर, आदेश जारी

इन्दौर। आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम व लोक शांति के लिए पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने आदेश जारी कर शहर की सीमा में चिह्नित दवाओं का विक्रय केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के लिखित पर्चे पर ही किया जा सकेगा।

पुलिस आयुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार समस्त नाइट्राजेपाम टैबलेट्स, क्लोनेजेपाम टैबलेट्स, डायजेपाम टैबलेट्स, ऑक्साजीपाम टैबलेट्स, इटिजोलाम टैबलेट्स, एल्प्राजोलम टैबलेट्स, कोडीन फास्फेट सिरप व टैबलेट्स, क्लोजापाम टैबलेट्स आदि का विक्रय डॉक्टर के लिखित पर्चे के बगैर नहीं किया जा सकेगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक अहिल्याबाई बावड़ी का निरीक्षण



इंदौर। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव तथा निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा ऐतिहासिक अहिल्याबाई बावड़ी का निरीक्षण किया गया। इस बावड़ी को स्वच्छता, संरक्षण एवं पुनर्जीवन के विशेष कार्यों के तहत संरक्षित किया जा रहा है। गौरतलब है कि यह ऐतिहासिक धरोहर इंदौर की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण अंग रही है। आगामी 11 मई को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के करकमलों द्वारा इस बावड़ी का उद्घाटन प्रस्तावित है।

## सीए डॉ अभय शर्मा डायरेक्टर नियुक्त



इंदौर। भारत सरकार की कैबिनेट अपॉइंटमेंट कमेटी ने इंदौर सीए शाखा के पूर्व अध्यक्ष एवं टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के मानस सचिव सीए डॉ अभय शर्मा को सार्वजनिक क्षेत्र की तेल वितरण कंपनी ÷हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड÷ के निदेशक पद पर नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल 3 वर्षों का रहेगा।

# संस्था आर्टवे और क्रिएट स्टोरीज द्वारा दो दिनी फोक आर्ट वर्कशॉप शुरू

## फोक आर्ट वर्कशॉप में स्टूडेंट्स को सिखाया मधुबनी गोदना आर्ट और दी रोचक जानकारी

इंदौर। दो दिनी फोक आर्ट वर्कशॉप की शुरुवात द इमैजिनेशन स्टेशन में संस्था आर्टवे और क्रिएट स्टोरीज एनजीओ के बैनरतले हुई । पहले दिन सभी को बेसिक सिखाया गया एवं आउटलाइन्स की प्रैक्टिस कराई गई साथ ही विभिन्न फोक आर्ट्स के बारे में वरिष्ठ लोक कलाकार अलका झा ने परिचर्चा की ।





वरिष्ठ कलाकार एवं फोक आर्ट एक्सपर्ट अलका झा ने बताया की भारत एक प्राचीन सांस्कृतिक देश है। इसलिए यहाँ कला एवं संस्कृति में लोककला का अनूठा समन्वय दिखाई देता है । भारत जैसें देश में विभिन्न प्रान्तों में विविध रूपों में लोककला देखी जा सकती है। जो विभिन्न नामों से जानी जाती है, अगर हम कुछ की बात करे तो-

गोंड आर्ट - मध्य प्रदेश के गोंड जनजाति ने इन बोल्ड, जीवंत रंगीन चित्रों को बनाया, जिसमें मुख्य रूप से वनस्पतियों और जीवों का चित्रण किया गया । इस कला में इस्तेमाल रंग कोयला, गोबर, पत्ते और मिट्टी से आते हैं । लेकिन आजकल ऐक्रेलिक पेंट्स के साथ इन शैलियों को बनाया जा रहा है ।

बिहार के आदिवासी बहुल क्षेत्र में प्रचलित है मधुबनी गोदना आर्ट। ये आदिवासियों की बॉडी पेंटिंग है। आदिवासी महिलाएं अपनी देह पर ये ट्रेडिशनल आर्ट बनवाती हैं। इसकी शुरुआत कब और कैसे हुई, इसके बारे में जानकारी किसी के पास नहीं, लेकिन कुछ मान्यताएं हैं, जिनके आधार पर ये परम्परा अब भी निभाई जा रही हैं। गोदना पवित्रता की निशानी है, और इसलिए हर एक आदिवासी महिला के शरीर पर गोदना गुदवाया जाता है।

दूसरी धारणा ये भी है कि गोदना शरीर का श्रृंगार है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता। मृत्यु तक ये उस महिला का श्रृंगार है। मधुबनी चित्रकला यह मिथिलांचल क्षेत्र जैसे बिहार के दरभंगा, मधुबनी एवं नेपाल के कुछ क्षेत्रों की प्रमुख चित्रकला है। राजस्थान में उत्पन्न फड़ चित्रकला, मुग़ल काल में उत्पन्न लघु चित्रकारी, वर्ली चित्रकला, पट्टचित्र कला, पिथोरा चित्रकला, कलमकारी चित्रकला, काली घाट पेंटिंग्स आदि के बारे में बताया।

वर्कशॉप में उन्होंने सभी से कहा की अपना ब्रश , प्लेट और अन्य बेसिक चीज़े हमेशा वही यूज़ करिए जो करते आये है क्यूंकि उसमे आपका हाथ जमा हुआ है बार बार नया और अलग अलग इस्तमाल करने से हाथ नही जम पायेगा जो की आज के युवा सबसे बड़ी गलती बार बार ब्रश और बेसिक आर्ट मटेरियल बदल के करते है । अपने पास कम से कम 3 साइज़ के ब्रश रखें। एक पतला जो आपको फाइन लाइन्स और शेड्स में मदद करे , एक बड़ा जो बेस को स्मूथ बनाने में काम आये और एक मीडियम जिससे आप बड़े एलिमेंट्स आसानी से बना पाएं ।

शेड्स बनाते समय जितना ज़रुरत हो उतने पानी का इस्तमाल करे क्यूंकि ज्यदा पानी से कलर फ़ैल जाता है । हमेशा ध्यान रखे बनाते समय और सावधानी बरतें । पहले दिन सभी को फोक आर्ट के बेसिक की प्रैक्टिस कराई गई । दूसरे दिन समापन पर सभी को कलर्स के इस्तेमाल के बारे में बताया जाएगा एवं सभी का आर्ट वर्क तैयार कराया जाएगा यह वर्कशॉप सभी के निः शुल्क है इसे 11.30 बजे से 2 बजे तक अटेंड कर सकते है ।

## देवास नाका चौराहे से निपानिया वाइन शॉप तक सर्विस रोड और ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण

इंदौर (नप्र)। इंदौर नगर निगम जहां एक ओर मास्टर प्लान के तहत लगभग दो दर्जन अधूरी सड़कों मे केवल कुछ पर ही काम शुरू कर पाया है, वहीं दूसरी ओर इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा हस्तांतरित पूर्वी रिंग रोड को अतिक्रमण मुक्त करने में पूरी तरह से विफल साबित हुआ है। देवास नाका चौराहे से लेकर निपानिया वाइन शॉप चौराहे तक के इस हिस्से में सर्विस रोड और ग्रीन बेल्ट पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हो चुका है।



सर्विस रोड के दोनों ओर ई-रिक्शा डीलर्स, महंगे कारों के शोरूम संचालक, शराब दुकानदार, मुर्गा-मुर्गी मटन दुकानदार सहित अन्य व्यापारी अपनी दुकानों और व्यापारिक गतिविधियों के लिए अतिक्रमण कर चुके हैं। कुछ स्थानों पर तो टीन शेड लगाकर पूरी सर्विस रोड को बंद कर दिया गया है, जबकि कई जगह अस्थायी निर्माण भी किए गए हैं। इसके अलावा, मुख्य सड़क और सर्विस रोड के बीच की ग्रीन बेल्ट पर लगे पेड़ों को काटकर भी अतिक्रमण किया जा रहा है। पूर्वी रिंग रोड के इस हिस्से में भारी वाहनों का दबाव पहले से ही अधिक है, और सर्विस रोड के खत्म होने से स्थिति और भी खतरनाक हो गई है। इसके बावजूद नगर निगम ने इस अतिक्रमण को हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं, और न ही ग्रीन बेल्ट और उस पर लगे पेड़ों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई है। यह स्थिति शहर की यातायात व्यवस्था और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है। नगर निगम से अपेक्षा है कि वह शीघ्र इस अतिक्रमण को हटाने के लिए सख्त कदम उठाए और संबंधित अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें।

## दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोपी पूर्व सैनिक और उसका पुत्र दोषमुक्त

इन्दौर। फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाली युवती के पति और ससुर पर लगाएं गये आत्महत्या के लिए प्रेरित करने तथा दहेज प्रताड़ना के आरोप से कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया है। मामला लसूडिया थाना क्षेत्र का था जहां श्रीराम राजपूत निवासी स्कीम नंबर 78 के पुत्र संजीव की पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी थी और मामले में श्रीराम राजपूत तथा उनके पुत्र संजीव पर दहेज प्रताड़ना के साथ संगीता को आत्महत्या हेतु प्रेरित करने का आरोप लगाया गया था।

श्री राम राजपूत रिटायर्ड सैनिक है वहीं संजीव निजी कंपनी में कार्यरत हैं। प्रकरण सुनवाई में आरोपियों की ओर से एडवोकेट अमित सिंह सिसोदिया ने पैरवी की। उनके अनुसार प्रकरण कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि इन्दौर के लसूडिया थाना क्षेत्र की स्कीम नंबर 78 निवासी संगीता राजपूत ने शादी के लगभग 13 साल बाद 24 सितंबर 2019 को सुबह फांसी लगाकर जान दे दी।

लसूड़िया थाना पुलिस ने पति संजीव एव ससुर श्रीराम के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और खुदकुशी के दुष्प्रेरित करने का केस दर्ज किया गया। आरोप था कि आरोपियों द्वारा दहेज में एक लाख रुपए के लिए प्रताड़ित किया जाता था, जिससे दुखी हो उसने आत्महत्या कर ली। केस की ट्रायल के दौरान उक्त आरोप अप्रमाणित पाए गए। इसके चलते कोर्ट ने उक्त दोनों आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया।

## देशभक्ति पर आधारित गीतों की प्रस्तुतियां दी गई



इंदौर। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर म्यूज टेंपल फैंस क्लब द्वारा अभिनव कला समाज भवन में देशभक्ति पर आधारित गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। सर्वप्रथम भारत माता का पूजन किया गया। गायक अभिनेता निर्माता निर्देशक बाबू राजोरिया ने देश भक्ति पर आधारित गीतों को अभिनय सहित पेश किया। है प्रीत जहां की रीत सदा, दुल्हन चली, अबके बरस तुझे धरती की रानी कर देंगे जैसे देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों को अभिनय सहित प्रस्तुत किया। अमन पांडे, डॉक्टर विनोद रघुवंशी रबीना नीमा अनिल कुलकर्णी, डाक्टर। टी एस होरा, डॉक्टर अनूप दुबे, सतीश केशवानी, प्रीति मकवाना, राधेश्याम वाधवानी, मनीष शर्मा, आशीष कौर होरा, विजय अरोरा आदि गायक गायिकाओं ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां। देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। देशभक्ति पर आधारित गीतों की संगीत प्रेमियों ने काफी सराहना की। बड़ी संख्या में संगीत प्रेमियों की उपस्थिति दर्ज रही। मंच संचालन अन्नू शर्मा ने किया एवं संगीत संयोजन दीपेश जैन का था।

## जीतना जरूरी नहीं, सीखना ज़रूरी है, यही है खेल की असली भावना

इंदौर। आई.ए.टी.वी. एजुकेशनल एकेडमी, इंदौर द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स समर कैंप 2025 का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त डीएसपी श्री बी. आर. यादव (ज्ञानी जी) पधारे, जो कि DAVV हॉकी टीम के पूर्व कप्तान, प्रदेश स्तरीय एथलीट, एवं मध्यप्रदेश पुलिस के कुशल खिलाड़ी रह चुके हैं।




वर्तमान में वे प्रकाश हॉकी क्लब के स्थायी सदस्य के रूप में सक्रिय हैं। उनका स्वागत मोतियों की माला पहनाकर संस्था के अध्यक्ष माननीय श्री अरुण जी अग्रवाल द्वारा किया गया।

समारोह की शुरुआत सुनील कुमार पटेल द्वारा स्वागत व संचालन से हुई। उन्होंने कहा कि यह समर कैंप विद्यार्थियों के लिए केवल खेल प्रशिक्षण का ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व जैसे गुणों के विकास का भी माध्यम बना।

कार्यक्रम के दौरान मंच पर संस्था की प्रमुख हस्तियाँ–अरुण अग्रवाल-अध्यक्ष, इंदौर अनाज तिलहन व्यापारी शैक्षणिक न्यास शुभाजी राठी - उपाध्यक्ष सतीश गुप्ता - मंत्री अशोक यादव -NIS प्रशिक्षित कोच श्रीमती शुभरंजन चटर्जी - प्राचार्या आई.ए.टी.वी. एजुकेशनल एकेडमी श्रीमती सारिका शर्मा - उपप्राचार्या आई.ए.टी.वी. एजुकेशनल एकेडमी की उपस्थिति रहीं। मुख्य अतिथि श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा-खेल सिर्फ जीतने का नहीं, खुद को पहचानने का ज़रिया है। इसके पश्चात समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र एवं पदक प्रदान किए गए। बच्चों में इस सम्मान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

# अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें, नागरिक सेवाओं को करें सुनिश्चित : मुख्यमंत्री

## विभागों के कार्य भी समानांतर रूप से जारी रहें, जिलों को दी गई भारत सरकार के निर्देशों की जानकारी

इन्दौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृस्य के दृष्टिगत शुक्रवार शाम एक उच्च स्तरीय बैठक कर वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा प्रबंधों पर गहन चर्चा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों के कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। शुक्रवार प्रातः भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा कर निर्देश दिए थे। प्रदेश के मैदानी अधिकारियों के साथ शाम को हुई बैठक में विभिन्न प्राथमिकताओं पर चर्चा की। बैठक में भारत सरकार से प्राप्त विस्तृत दिशा-निर्देशों की जानकारी से जिलों को अवगत करवाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें। अधिकारी मैदान में दिखें। जनप्रतिनिधियों को भी विश्वास में लिया जाए और आवश्यक जनसहयोग प्राप्त किया जाए। आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने में भी वॉलिंटियर्स का आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में रिटायर्ड फौजियों सहित सामाजिक कार्यों से जुड़े वॉलिंटियर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। अपराधियों के साथ किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाए। घटना घटित होने के पूर्व आवश्यक सावधानी बरती जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि नागरिकों के लिए आवश्यक सेवाएं भी समानांतर रूप से प्रदान करने का कार्य होता रहे। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के अलावा जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष कार्य करेंगे। सभी नियंत्रण कक्ष वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप संचालित होंगे। फायर ब्रिगेड सेवाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली की सप्लाई, पेयजल व्यवस्था नियमित रूप से बनी रहे, यह सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में निर्देशित किया गया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक कंटेंट भेजने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। वरिष्ठ अधिकारी अवकाश पर नहीं जाएंगे। सभी जिलों में इमरजेंसी सेवाएं सुनिश्चित करते हुए सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा के संबंध में भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन का कार्य होगा। बैठक में जानकारी दी गई कि आवश्यक सायरन की व्यवस्था भी जिलों में रहेगी। निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप नागरिकों को सुरक्षा के लिए सजग किया जा रहा है।





Scanned with OKEN Scanner

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर किया गया

**शाजापुर**। दैनिक भास्कर समाचार पत्र में गत दिवस 08 मई 2025 को प्रकाशित ÷मॉं राज राजेश्वरी मंदिर पर नल बंद होने से पेयजल समस्या÷ संबंधी समाचार पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर श्री आनंद कुमार तिवारी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर सचिव श्रीमती नमिता बौरासी द्वारा भीषण गर्मी एवं पेयजल के महत्व को देखते हुए स्वतः संज्ञान लिया गया। साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका शाजापुर से समन्वय स्थापित कर उक्त समस्या के समाधान के लिए संपर्क किया गया और निर्देशित किया गया कि वर्तमान में भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था होना अत्यंत आवश्यक है। अतः अविलंब रूप से नल दुरूस्त कराये गए एवं शीतल जल की व्यवस्था करवाने के लिए निर्देश दिये गये। जिसके परिणामस्वरूप नगर पालिका शाजापुर द्वारा उक्त पेयजल समस्या का यथाशीघ्र समाधान कराया गया तथा मॉं राज राजेश्वरी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुगण की पेयजल समस्या से निजात पाई जिससे लोगों में हर्ष देखने को मिला।

## मासिक सैनिक सम्मेलन 14 मई को

**शाजापुर**। जिले के समस्त पूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं आश्रितों की समस्याओं के निराकरण एवं शासन कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लिये मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन शाजापुर जिले के शुजालपुर के जोधपुर पैलेस में 14 मई 2025 बुधवार सुबह 10÷00 बजे रखा गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन (से.नि.) श्री विष्णु दत्त शर्मा ने पूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं आश्रितों से अनुरोध किया है कि यदि किसी का कोई एजेण्डा पॉइंट है तो 09 मई 2025 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, उज्जैन को अवगत कराए और क्षेत्र के सभी भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर इस सम्मेलन में भाग लें।

## म.प्र. जनअभियान परिषद योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) श्री मोहन नागर 10 मई को शाजापुर जिले के भ्रमण पर रहेंगे

**शाजापुर**। म.प्र. जनअभियान परिषद योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) श्री मोहन नागर 10 मई को शाजापुर जिले के भ्रमण पर रहेंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार श्री मोहन नागर 10 मई को प्रातः 7.00 बजे गृह ग्राम रायपुरिया से शुजालपुर के लिए प्रस्थन कर प्रातः 9.00 बजे जिले के शुजालपुर रेस्ट हाउस पहुंचेंगे। वे प्रातः 9.30 बजे जटाशंकर मंदिर शुजालपुर में दर्शन एवं जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्रमदान में हिस्सा लेंगे। प्रातः 11.30 बजे श्री नागर जेएनएस कॉलेज शुजालपुर में आदिगुरू शंकराचार्य जी की जयंती पर व्याख्यानमाला कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। सांय 4.30 बजे शुजालपुर विकासखण्ड से गृह नाम रायपुरिया के लिए प्रस्थान कर सायं 7.30 बजे गृह ग्राम रायपुरिया से ग्राम रसूलपुर के लिए प्रस्थान एवं स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे।

## बुध पूर्णिमा पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित रहेगा

**रतलाम**। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 12 मई सेमवार को बुध पूर्णिमा पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौश्त विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवस को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

## श्री कालागौरा भैरवनाथ मंदिर पर 56 प्रकार के व्यंजनो का भोग लगेगा

**रतलाम**। श्री कालागौरा भैरवनाथ मंदिर धोलावाड रोड पर कल सोमवार को भेरूपूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान भैरवनाथ का जन्म महोत्सव बडी धुम धाम से मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत भैरवनाथ का न्यनाभिराम श्रंगार किया जाकर 56 प्रकार के व्यंजनो से भोग लगाकर सांय 4.30 बजे आरती तत्पश्चात् भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। श्री काला गौरा भैरवनाथ समिती सभी धर्म प्रेमी जनता से इस आयोजन में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आहवान करती है। गढ़कैलाश से श्री कालागौरा भैरवनाथ मंदिर कलश यात्रा 11 मई रविवार को सुबह 10 बजे निकाली जावेगी। श्री काला गौरा भैरवनाथ समिती सभी धर्म प्रेमी जनता से इस आयोजन में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आहवान करती है।

## पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर चलाया चेकिंग अभियान

**रतलाम**। वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में जिले की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राकेश खाखा के मार्गदर्शन में रतलाम पुलिस एवं बीडीडीएस की टीम द्वारा शहर के संवेदनशील क्षेत्रों की चेकिंग की गई। इस दौरान बीडीडीएस टीम प्रभारी बादल सिंह रावत एवं टीम संतोष निगम, अनिल पवार, चिमनलाल खेर डॉग मास्टर नागुलाल डॉग केली द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं संदिग्ध वस्तुओं की चेकिंग की गई।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. का आंदोलन स्थगित

**रतलाम**। भारत सरकार द्वारा पाक स्थित आतंकवादियों के ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर स्ट्राइक की गई आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्ताबूद कर दिया। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल, भारत सरकार की साहसिक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करता है। सेनाध्यक्षों को प्रणाम करता है। अध्यक्ष कीर्तिकुमार शर्मा ने बताया कि राज्य पेंशनरों की मांगों को लेकर 13 मई को आंदोलन जिलों व तहसीलों में किया जाना था वह ओ.पी. बुधोलिया प्रांताध्यक्ष म.प्र. के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आपात स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए 13 मई को पेंशनर्स आंदोलन स्थगित किया जाता है।

## जनवादी लेखक संघ की एक रचनाकार का रचना संसार श्रंखला 11 को

**रतलाम**। जनवादी लेखक संघ रतलाम के एक रचनाकार का रचना संसार श्रृंखला के अंतर्गत 11 मई रविवार को प्रातः 11 बजे भगतसिंह पुस्तकालय, शहर सराय पर सुप्रसिद्ध गीतकार गोपाल सिंह नेपाली की रचनाओं का पाठ शहर के सुधिजन करेंगे। जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह राठौर एवं सचिव सिद्धीक़ रतलामी में बताया कि फिल्मों में 400 से अधिक गीत लिखने तथा कवि सम्मेलनों में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करवाने वाले फिल्म निर्माता, गीतकार गोपाल सिंह नेपाली का रतलाम से महत्वपूर्ण संबंध रहा है। वे यहां के निवासी रहे और रतलाम में रहते हुए उन्होंने रतलाम टाइम्स समाचार पत्र का प्रकाशन भी किया। यहीं रहते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण गीत भी लिखे जो बाद में देशभर में प्रसिद्ध हुए। उनकी स्मृतियों को ताजा करते हुए उक्त आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में शहर के सुधिजन अपनी पसंद का गोपाल सिंह नेपाली का गीत प्रस्तुत करेंगे।

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सिविल डिफेंस की समीक्षा की

# कलेक्टर ने जिले में आपात स्थिति के लिये पुख्ता आपदा प्रबंधन की कार्ययोजना बनाने के दिये निर्देश



**शाजापुर, राष्ट्रीय जनभावना**। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने जिले में आपात स्थिति में जल्द से जल्द राहत व बचाव कार्य (सिविल डिफेंस) शुरू करने के उद्देश्य से पुख्ता आपदा प्रबंधन कार्ययोजना बनाने के लिए बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि आपदा प्रबंधन की कार्ययोजना में लोगों को जल्द से जल्द आवश्यक सूचनायें पहुँचाने व उन्हें सतर्क करने के उपायों को प्रमुखता दी जाए। आपात स्थिति के लिये एकीकृत कंट्रोल रूम एवं त्वरित चिकित्सा सहायता व्यवस्था से संबंधित उपायों को भी कार्ययोजना में प्रमुख स्थान दिया जायेगा। कलेक्टर ने सीएमएचओ को जिले में स्वास्थ्य सुविधा, एम्बुलेंस, दवाई की दुकानों, सभी शासकीय सेवकों के ब्लड ग्रुप की जानकारी रखने, नगरीय निकायों के सीएमओ को फायरब्रिगेड आदि से संबंधित जानकारी तैयार रखने, जिला होमगार्ड कमाण्डेन्ट को जिले में संचार व्यवस्था सुनिश्चित करने व आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिये उपलब्ध प्रशिक्षित मानव संसाधन व उपकरणों की सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए। डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी खनिज अधिकारी श्री राजकुमार हलदर को जिले के संसाधन जैसे पोकलेन, जैसीबी, डम्पर, वाहन, ट्रेक्टर, क्रेन आदि के मालिकों की जानकारी रखने तथा जिले में आपदा प्रबंधन से संबंधित संचार व्यवस्था से संबंधित जानकारी रखने के निर्देश? दिये। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ व जनपद पंचायत सीईओ को जनपद पंचायत- ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल टैंकरों को हमेशा भरकर रखने व प्रेशर मोटर लगाकर रखने के निर्देश देते हुए कहा कि इनका उपयोग आपात स्थिति में फायर ब्रिगेड के विकल्प के रूप में किया जा सके। साथ ही उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को ग्राम पंचायतों एवं जनपद पंचायतों में पटवारी, कोटवार, जीआरएस, सचिव, सरपंचों आदि के संपर्क नम्बर रखने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर सुश्री बाफना ने राजस्व अधिकारियों की गाड़ियों में पीए सिस्टम लगाने व वायरलेस रखने, जिला शिक्षा अधिकारी को सायरन सिस्टम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी पेट्रोल पंपों पर डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह राजपूत ने कहा कि जिले के नागरिक किसी अनजान लिंक को क्लिक नहीं करें, अनजान एप्लीकेशन को डाउनलोड नहीं करे। सोशल मीडिया पर तथ्यहीन जानकारी शेयर नहीं करे, कोई भी भड़काऊ मैसेज ना तो स्वयं पोस्ट करे और ना ही री - शेयर करें। सोशल मीडिया प्लेटफार्म Facebook/WhatsApp/Twitter/Instagram आदि पर वायरल की जाने वाली आपत्तिजनक गतिविधि एवं असत्य अफवाहों पर ध्यान न देवें। साथ ही सुरक्षा से संबंधित सेना की गतिविधियों के फोटो एवं वीडियो नहीं बनाएं। उन्होंने मकान मलिक सभी होटल एवं लॉज संचालक को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने यहाँ रुकने वाले समस्त लोगों की सम्पूर्ण जानकारी निर्धारित प्रारूप में संकलित करे और रुकने वाले समस्त लोगो के वैध दस्तावेजों को चेक करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल, लॉज आदि में ठहरने आता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस अधीक्षक श्री राजपूत ने सभी थाना प्रभारियों को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री बीएस सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ श्री संतोष टैगोर, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री टीएस बघेल, सभी थाना प्रभारी, डिप्टी कलेक्टर श्री राजकुमार हलदर, सीएमएचओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। साथ ही राजस्व व अन्य विभागों के अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से सम्मिलित हुए थे।

# लोक अदालत में निराकृत होने वाले प्रकरणों में न्यायालय फीस वापसी सुलभ तरीके से मिलेगी

**शाजापुर**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 10 मई 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर श्री आनंद कुमार तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय शाजापुर तथा तहसील न्यायालय शुजालपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं। इस लोक अदालत में न्यायालय में लंबित सिविल आपराधिक मोटर दुर्घटना दावा, चैक बाउंस श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य मामलों के साथ ही जलकर, सम्पत्तिकर, बैंक ऋण व विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण भी किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकारण शाजापुर सचिव श्रीमती नमिता बौरासी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आनंद कुमार तिवारी द्वारा जिला मुख्यालय में 11 एवं तहसील न्यायालय शुजालपुर में 08 न्यायिक अधिकारियों की कुल मिलाकर 19 खण्डपीठ गठित कर सभी खंडपीठों के लिये पीठासीन अधिकारियों को भी नामित किया है एवं उक्त खण्डपीठ में एक-एक अधिवक्ता को सुलहकर्ता सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है। आयोजन की तिथि पर इन्हीं खण्डपीठ के पटल पर विभिन्न मामलों को रखा जाएगा एवं आपसी सुलह समझौतों के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। सचिव श्रीमती नमिता बौरासी ने नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के हेतु जिले के सभी अधिवक्ता रांघों और उनके अधिवक्ता सदस्यों से प्रकरणों के निराकरण में सहयोग की अपेक्षा की है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता फोरम से संबंधित विचाराधीन मामलों को निपटाने के लिए जिले में पृथक से विशेष खंडपीठ क्रमांक 19 गठित की गई है। अधिवक्ता एवं पक्षकार उपभोक्ता फोरम में लंबित मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहते है तो यथाशीघ्र उपभोक्ता फोरम में संपर्क कर अपने प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखवा सकते है और लोक अदालत का लाभ ले सकते हैं।

## पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी के 300 वां जयंती वर्ष में विविध आयोजन करेगी भाजपा

**रतलाम**। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी का 300 वां जयंती वर्ष भारतीय जनता पार्टी विभिन्न आयोजनों के साथ मनायेगी। प्रदेश भाजपा के निर्देश पर जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने आयोजनों के लिए जिला टोली का गठन कर दिया है। इसमें जिला उपाध्यक्ष बलवंत भाटी, जिला संयोजक बनाये गये है। जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय द्वारा गठित टोली मे महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिता कटारिया जिला सहसंयोजक, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम पटवा, जिला महामंत्री अनिता पाहूजा एवं जिला उपाध्यक्ष दिव्या चन्दन शर्मा सदस्य के रूप मे शामिल की गई है। उन्होंने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष वी.डी.शर्मा के निर्देश पर भाजपा 21 मई से 31 मई तक के बीच पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम करेगी। इस दौरान बैठक, गोष्ठी, शोभा यात्रा महिला सशक्तिकरण दौड़, कॉले. और विघालय मे कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य नाटिका सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जायेगे। जिला स्तर पर प्रदर्शनिया भी आयोजित होगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर ने काशी विश्वनाथ से लेकर सोमनाथ तक मंदिरों को जीर्णोद्धार कराया। प्राचीनता और आधुनिकता के उनके संगम को आदर्श मानकर देश आगे बढ़ रहा है। वीरता और मुल्यों की देवी पूण्यश्लोक अहिल्लाई होल्कर जी ने सांस्कृतिक पुनः जागरण के साथ-साथ गरीब, दल्लित, पिछडे और उपेक्षित वर्गो के कल्याण के लिए जो नीतिया बनाई, वे आदर्श और प्रेरणादायी है।

## सहायक संचालक सुश्री अंकिता स्थानान्तरित, विदाई समारोह आयोजित

**रतलाम**। सुश्री अंकिता पंड्या, सहायक संचालक मबावि रतलाम का स्थानांतरण जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला नीमच हो जाने से विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा द्वारा सुश्री अंकिता पंड्या के कार्य के प्रति निष्ठा, समर्पण, सहयोग, टेक्नो फ्रैंडली होने व सक्रियता की अत्यंत सराहना की जाकर आगामी भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई। सुश्री अंकिता पंड्या द्वारा रतलाम जिले के कार्यकाल को अविस्मरणीय बताया गया। प्रथम नियुक्ति स्थल सबसे खास स्थान रखता है। रतलाम के विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों से विशेष जुड़ाव आजीवन ही रहेगा। साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों व समस्त कमर्चारियों को स्नेह, सक्रिय सहयोग व सम्मान हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही सहायक संचालक रविन्द्र मिश्रा, चेतना गेहलोत, अर्चना माहोर, सुनील रायकवार ने भी सुश्री पंड्या के साथ बिताए गए कार्यकाल के संस्मरणों को साझा करते हुए आगामी भविश्य के लिए शुभकामनाएं दी। उपस्थितजन ने पुष्पहार, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर गीत के माध्यम से भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, लिपिक, वन स्टॉप सेंटर स्टॉफ, ब्लॉक समन्वयक, वाहन चालक सहित अन्य कर्मचारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संचालन पर्यवेक्षक श्रीमती हेमलता वासन द्वारा किया गया व आभार परियोजना अधिकारी श्रीमती चेतना गहलोत ने माना।

## विद्युत कंपनियों के पेंशनरों की महंगाई राहत में वृद्धि के आदेश जारी

**रतलाम**। मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों के पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनधारकों के लिए पुनरीक्षित महंगाई राहत (डीए) के आदेश मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा जारी कर दिए गए हैं। अब पेंशनरों को 6वें वेतनमान में 7 प्रतिशत तथा 7वें वेतनमान के अनुसार 3 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा। मुख्य अभियंता श्री अतुल जोशी ने बताया कि यह आदेश मध्यप्रदेश शासन के ज्ञाप क्रमांक एफ 9-2/2025/नियम/चार दिनांक 08.05.2025 के अनुसार जारी किया गया है, जो 01 मार्च 2025 से प्रभावी होगा। आदेश के अनुसार, सभी पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों, जिनमें मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी, मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं पेंशनरों/परिवार पेंशनरों के साथ मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल से दिनांक 01.06.2005 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों भी शामिल है, को 6वें वेतनमान के अनुसार 239 प्रतिशत की जगह 246 प्रतिशत एवं 7वें वेतनमान के अनुसार 50 प्रतिशत की जगह 53 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान की जाएगी। यह आदेश

# कलेक्टर ने आंतरिक सुरक्षा व्यवस्थाओं और सतर्कता को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक ली





**आगर-मालवा। कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह ने जिले की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्थाओं और सतर्कता को लेकर विभागीय अधिकारियों की एक बैठक शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में ली। कलेक्टर ने कहा कि आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए जिले में सभी आवश्यक व्यवस्थाये सुनिश्चित कर ली जाए।**

आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाएं को और अधिक मजबूत कर ले। वर्तमान हालातां को देखते हुए जिले में पूरी सतर्कता रखी जाए। पुलिस, राजस्व सहित सभी विभाग आपसी समन्वय रखकर कार्य करे तथा अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें और सुरक्षा के सभी आवश्यक एहतियाती कदम तत्काल प्रभाव से लागू करे। सभी विभाग परस्पर तालमेल रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करे। कलेक्टर ने तहसीलदारों को निर्देश दिए कि ग्राम कोटवार एवं अन्य मैदानी अमले को भी ग्रामों में विशेष सतर्कता बरतने हेतु कहा जाए। होटल, लॉज में बाहरी क्षेत्रों से आने वाले व्यक्तियों की जानकारी प्रतिदिन संचालक को थाने पर उपलब्ध करवाने हेतु पाबंद करे। कलेक्टर ने कहा कि नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े विभाग के अधिकारी और फील्ड अमला किसी प्रकार के अवकाश पर नहीं जाए तथा नागरिक सुविधाओं को सुचारू रखने में तत्पर रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपना मोबाइल चालू अवस्था में रखें तथा व्हाट्सएप भी देखते रहे। उन्होंने कहा कि जिले के नागरिक सोशल मीडिया पर किसी प्रकार अफवाहों पर ध्यान न दे, न ही भ्रामक जानकारी पोस्ट, कमेंट और शेयर करे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को ओर अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। किसी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान ना दे तथा सोशल मीडिया पर नकारात्मकता फैलाने वाली पोस्ट को रीपोस्ट, कमेंट, शेयर न करे। उन्होंने सभी विभाग प्रमुख से कहा कि जागरुक होकर अपने दायित्व का निर्वहन करे।

## सैनिकों का आत्मबल बढ़ाने के लिए तिरंगा रैली निकालेगा राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा मंच

**रतलाम**। राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा मंच, जिला रतलाम के तत्वावधान में 15 मई को देश के वीर सैनिकों का आत्मबल बढ़ाने के लिए तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। इसका समापन भारत माता की भव्य आरती के साथ होगा। रैली की तैयारियों को लेकर पैलेस रोड स्थित भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने बैठक ली। इसमें उन्होंने रैली में आम जन की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान किया।

# अमानक खाद्य सामग्री संग्रहण विक्रय करने वाले 6 करोबारियों पर 6 लाख रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित

**आगर-मालवा, राष्ट्रीय जनभावना।।** अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट पदेन न्याय निर्णायक अधिकारी श्री आर पी वर्मा द्वारा अवमानक खाद्य सामग्री के दूध मावा एवं मिठाई कें संग्रहण एवं विक्रय करने वाले 06 कारोबारियो पर 06 लाख रुपए अर्थदण्ड अधिरोपित की गई। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि निर्णय आदेश 07 मई 2025 अनुसार 1 राजकुमार माली पिता विष्णुप्रसाद माली लक्ष्य कुल्फी भण्डार वार्ड नं. 05 राधकृष्ण मन्दिर के पास फूलमालीपुरा आगर दिनांक 13-05-2023 को जॉच हेतु लिये गयी अवमानक रबडी कुल्फी (लूज) दूध मावा कस्टर्ड पावडर एवं शक्कर से निर्मित। का निर्माण प्रदर्शन संग्रहण एवं विक्रय करने का अनावेदक दोषी पाये जाने से एक लाख रूपये की अर्थदण्ड राशि अधिरोपित की गई। इसी तरह लोकेश डिलर पिता महेश डिलर मॉं शारदा रेस्टोरेन्ट सारंगपुर रोड थाने के सामने कानड से जॉच हेतु लिये गयी मिथ्याछाप मिठाई-मलाई बर्फी (लूज) मावा, शक्कर एवं इलाइची से बनी का निर्माण, प्रदर्शन, संग्रहण, एवं विक्रय करने का अनावेदक दोषी पाये जाने से एक लाख रूपये की अर्थदण्ड राशि अधिरोपित किया गया है। शंकरलाल मोदी पिता लक्ष्मीनारायण मोदी शंकर भोजनालय एण्ड रेस्टोरेन्ट तहसील के सामने डग रोड बडौद से जॉच हेतु लिये गये मावा (लूज) का मिठाई निर्माण मे उपयोग कर संग्रहण प्रदर्शन एवं विक्रय करने तथा बिना खाद्य लाईसेन्स पंजीयन के कारोबार करने का अनावेदक दोषी पाये जाने से एक लाख रूपये की अर्थदण्ड राशि अधिरोपित की गई। रवि पिता संतोषसिह चैहान गुरूकृपा दूग्ध डेरी आवर रोड आगर-मालवा निवासीः- अयोध्या बस्ती आगर-मालवा से जॉच हेतु लिये गये अवमानक भैस का दूध (लूज) का मानव उपभोग हेतु विक्रय के लिए का प्रदर्शन संग्रहण एवं विक्रय करने का अनावेदक दोषी पाये जाने से एक लाख रूपये की अर्थदण्ड राशि अधिरोपित की गई। कमलेश मण्डलोई पिता बद्रीलाल मण्डलोई श्री महादेव दूध डेयरी पिडावा रोड सोयतकलॉं निवासी कवराखेडी से जॉच हेतु लिये गये अवमानक मिश्रित दूध (लूज) का प्रदर्शन संग्रहण एवं विक्रय करने का अनावेदक दोषी पाये जाने से एक लाख रूपये की अर्थदण्ड राशि अधिरोपित की गई। रविसिह पिता कालूसिह यादव श्री बालाजी दूध डेरी इतवारिया बाजार चैक सुसनेर निवासी रावला गली सुसनेर से जॉच हेतु लिये गये अवमानक गाय-भैस का मिश्रित दूध (लूज) का प्रदर्शन, संग्रहण एवं विक्रय कर करने का अनावेदक दोषी पाये जाने से एक लाख रूपये की अर्थदण्ड राशि अधिरोपित की गई। उक्त कारोबारियों को अधिरोपित राशि 15 दिवस में विभाग के लेखा शीर्ष 0210-04-104-0754 में चालान के माध्यम से जमा कराना होगी अन्यथा अधिनियम की धारा 96 के अंतर्गत भू राजस्व संहिता के अनुसार तहसीलदार द्वारा कुर्की आदेश जारी कर वसूली की जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner

# यूपी को 'वन ट्रिलियन डॉलर' इकॉनमी बनाने में विश्व बैंक का अहम रोल: मुख्यमंत्री

**लखनऊ राष्ट्रीय जनभावना।**

उत्तर प्रदेश को उन्नत प्रदेश बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने ऐतिहासिक पहल करते हुए दो प्रमुख कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। शुक्रवार को विश्व बैंक के सहयोग से उत्तर प्रदेश में यूपी-एग्रीस कार्यक्रम को लागू किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए प्रदेश के पूर्वांचल व बुंदेलखंड क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक आधारित खेती को बढ़ावा मिलेगा। इससे कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी और 10 लाख किसानों को फायदा होगा। इसी प्रकार, योगी सरकार के एक और बड़े प्रोजेक्ट 'एआई प्रज्ञा' का भी शुक्रवार को सीएम योगी द्वारा शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हब के तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के जरिए प्रदेश में 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं में दक्ष बनाया जाएगा। इन दोनों कार्यक्रम को लॉन्च करते हुए सीएम योगी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश की विकास गाथा का पर्याय है, आज सारे विश्व ने मान लिया है कि उत्तर प्रदेश बैरियर नहीं बल्कि भारत का ग्रोथ इंजन है। दोनों



ही कार्यक्रम प्रदेश के 'वन ट्रिलियन डॉलर' की इकॉनमी बनने का सपना साकार करेंगे। उन्होंने यूपी-एग्रीस प्रोजेक्ट में विश्व बैंक की सहभागिता का आभार जताते हुए कहा कि यूपी-एग्रीस के जरिए प्रदेश के कृषि उत्पादकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी जो किसानों की उन्नति का कारण बनेगा।

## वर्ल्ड बैंक ने सदैव किया सहयोग: योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री आवास पर विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा संग मुलाकात के बाद दोनों प्रोजेक्ट्स को लॉन्च करते हुए सीएम योगी ने विश्व बैंक की तारीफ की और सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक हमेशा उत्तर प्रदेश की उन्नति में बड़ा भागीदार बनकर उभरता है। उन्होंने कहा कि चाहे पर्यावरण संरक्षण हो, प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा देना हो या फिर अवस्थापना से जुड़ी परियोजनाओं का संचालन हो, विश्व बैंक हमेशा से महती भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन कई मायनों में महत्वपूर्ण है। आज प्रदेश को कृषि और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रयोग के नए युग में प्रवेश कर रहा है।

## उल्लेखनीय है कि यूपी एग्रीस प्रोजेक्ट 4 हजार करोड़ की

परियोजना है जिसमें से 2737 करोड़ रुपए का ऋण विश्व बैंक द्वारा 6 वर्षों की अवधि के लिए उपलब्ध कराया है। यूपी एग्रीस परियोजना से



प्रदेश के किसानों, कृषक संगठनों, मत्स्य पालकों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़ी एमएसएमई इकाइयों को सीधा लाभ होगा। इसके लिए 2737 करोड़ विश्व बैंक लोन देगा जबकि 1166 करोड़ राज्य सरकार का अंश होगा। वहीं लोन वापसी की अवधि 35 वर्ष रखी गयी है, जबकि लोन अमाउंट पर 1.23 प्रतिशत का इंट्रेस्ट लिया जाएगा।

## 10 लाख किसानों को प्रत्यक्ष रूप से मिलेगा लाभ

इस परियोजना से 10 लाख किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा, जिसमें 30 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की होगी। वहीं 10 हजार महिला उत्पादक समूहों को परियोजना से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा 500 किसानों को सर्वोत्तम कृषि तकनीकी जानकारी के लिए विदेशों में भेजा जाएगा। इससे छोटे किसानों को सशक्त बनाने और क्षेत्रीय विषमताओं को खत्म करने में मदद मिलेगी। परियोजना के अंतर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश के 21 जिले श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर, बस्ती, महराजगंज, संतकबीर नगर, कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, मऊ, जौनपुर, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, मीरजापुर, सोनभद्र और संत रविदास नगर तथा बुंदेलखंड के जालौन, झांसी, हमीरपुर, महोबा, बांदा, ललितपुर और चित्रकूट जैसे जिलों के किसान लाभान्वित होंगे।

## 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों के लिए जल्द लॉन्च होगा सीएम पोषण मिशन



सीएम योगी ने प्रदेश में बच्चों को पोषक आहार उपलब्ध कराने के लिए नए मिशन को जल्द लॉन्च करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सीएम पोषण मिशन के जरिए छह महीने से छह साल तक के बच्चों को शामिल किया गया है। इस दिशा में स्वयंसेवी संस्थाएं भी अपनी भूमिका निभाएंगी। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की एक योजना इंडोनेशिया में संचालित है, ऐसे में उत्तर प्रदेश से एक विशिष्ट टीम इंडोनेशिया भेजी जाएगी जो इसकी डीटेल्ड स्टडी करके प्रदेश में लागू करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेगी।

## 'एआई प्रज्ञा' से 10 लाख लोगों को मिलेगी ट्रेनिंग

'एआई प्रज्ञा' योजना के तहत 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे रोजगार और स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा मिलेगा। इस कार्यक्रम के जरिए प्रारंभिक चरण में राज्य के 10 लाख युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, डाटा एनालिटिक्स एवं साइबर सिक्योरिटी जैसे उन्नत तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षित करते हुए सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जायेगा। यह कार्यक्रम शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, राजस्व और सचिवालय प्रशासन जैसे विभिन्न विभागों के सहयोग से संचालित किया जाएगा। एआई प्रज्ञा कार्यक्रम न केवल युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगा, बल्कि सरकारी सेवा, कृषि, स्वास्थ्य, और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भी तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देगा। यह पहल निश्चित ही उत्तर प्रदेश को भारत के तकनीकी मानचित्र पर एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में माइक्रोसॉफ्ट, इंटेल, एचसीएल, वाधवानी फाउंडेशन, अमेजन, गूगल और 1एम1बी जैसे वैश्विक दिग्गज कंपनियां योगी सरकार के साथ मिलकर प्रदेश में अपस्किलिंग प्रोग्राम चलाएंगी।

मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की विकास गाथा को लेकर लघु फिल्म का भी प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा समेत विश्व बैंक की टीम उपस्थित रही जिसमें उपाध्यक्ष आगस्ते तानो कौमे, कंट्री डायरेक्टर (इंडिया) जॉन और मार्क मौजूद रहे। योगी सरकार की ओर से प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बलदेव सिंह औलख, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।



# हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया, अब कराहते हुए दिख रहा: मुख्यमंत्री

**लखनऊ , राष्ट्रीय जनभावना।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को लेकर बयान दिया है। उन्होंने भारत के सशस्त्र बलों की तारीफ की और कहा कि अब पाकिस्तान कराहते हुए दिख रहा है। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत के एक्शन पर बयान दिया है। उन्होंने कहा, 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम पर हमला किया। हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। हमें अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना है और उनका मनोबल बढ़ाना है। आज आप पाकिस्तान को दुनिया के सामने कराहते हुए देख सकते हैं। सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अफवाहें फैलाई जाएंगी। हमें पीएम मोदी के मार्गदर्शन में काम करते रहना है। भारत हर परिस्थिति में विजयी है और आगे भी विजयी रहेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच गतिरोध जारी है। दरअसल पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रवैया अपनाना शुरू कर दिया था। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, जिससे पाकिस्तान बौखला गया और भारत के खिलाफ हमले करने लगा। पाकिस्तान ने एलओसी पर भी भारी गोलाबारी की, जिसके बाद भारतीय सेना ने उसे मुंहतोड़ जवाब दिया। भारत ने पाकिस्तान में जो कार्रवाई की है, उससे पाकिस्तान डरा हुआ है और वहां के लोग खौफ में जी रहे हैं। भारत का संदेश साफ है कि वह किसी भी हालत में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और इसके लिए जो भी कार्रवाई करनी जरूरी होगी, वह करेगा। भारत के रवैये को देखते हुए पाकिस्तानी सरकार डरी हुई है और बौखलाहट में भारत पर हमला कर रही है। हालांकि भारतीय सेना ने पाकिस्तान द्वारा किए गए हमलों को नाकाम किया है और लगातार पाकिस्तान को पटखनी दी है। हालात ये हो गए हैं कि पाकिस्तान को भारत के हमले में काफी नुकसान पहुंचा है तो उसने एक बार फिर दुनिया के सामने गिड़गिड़ाना शुरू कर दिया है।

# सीएम योगी ने 550 नवचयनित शिक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र, बोले- अब सिफारिश नहीं, पारदर्शिता ही पहचान

**लखनऊ राष्ट्रीय जनभावना।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित एक समारोह में 494 सहायक अध्यापकों और 49 प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपे. कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि सभी का चयन एक निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुआ है. हाल के वर्षों में माध्यमिक शिक्षा विभाग में 40 हजार से अधिक शिक्षक नियुक्त किए जा चुके हैं, जबकि बेसिक शिक्षा विभाग में 1.23 लाख से ज्यादा शिक्षकों की भर्ती हुई है. उन्होंने कहा कि अब



यूपी में शिक्षा की गुणवत्ता और पारदर्शिता ही पहचान है. यूपी की राजधानी लखनऊ में एक भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माध्यमिक शिक्षा विभाग में नवचयनित 494 सहायक अध्यापकों और 49 प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपे. इस मौके पर सीएम योगी ने शिक्षा विभाग में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और बीते वर्षों में हुए बदलावों को लेकर बड़ा संदेश दिया. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रदेश को 550 नए शिक्षक मिले हैं, जिनका चयन एक निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया गया है. उन्होंने भरोसा जताया कि चयन प्रक्रिया में कहीं भी सिफारिश या अनुचित दबाव की गुंजाइश नहीं रही होगी. उन्होंने कहा कि जिस पारदर्शिता से आपको नियुक्त किया गया है, अब वही पारदर्शिता शिक्षा की गुणवत्ता में भी दिखनी चाहिए.



**लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर सुदूरपश्चिम प्रदेश, नेपाल के माननीय मुख्यमंत्री श्री कमल बहादुर शाह जी एवं उनके नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की।**





**लखनऊ में आयोजित मॉक ड्रिल का अवलोकन किया। एक नागरिक के रूप में हमें अपने कर्तव्यों को समझना होगा और पूरी मजबूती के साथ अपनी सेनाओं के साथ खड़ा होना होगा, जिनका लोहा आज पूरी दुनिया मान रही है। मॉक ड्रिल के इस कार्यक्रम से जुड़ी सभी संस्थाओं का हृदय से धन्यवाद!**

## महिला सशक्तिकरण ही सच्ची समानता का मार्ग है, ऑपरेशन जागृति

**हाथरस ।** ऑपरेशन जागृति÷ फेज-04 के क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं समस्त थानों की एन्टी रोमियो टीम/महिला बीट आरक्षियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कॉलेज एवं अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित छात्राओं/बालिकाओं व स्कूल स्टाफ को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षा सम्बंधी उपायों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित कल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधो से बचाव हेतु किया जागरूक किया गया । कार्यक्रम के दौरान अधिकारीगण द्वारा बताया गया कि नाबालिग उम्र में बालिकायें लव अफेयर, पलायन, लिव इन रिलेशनशिप जैसे मामलों में फँस जाती हैं और किन्ही कारणों से उनका समझौता करना पड़ता है कई बार बालिकायें अपनी सहमति से भी बिना सोचे समझे चली जाती है। साथ ही साथ बदनामी के भय से किसी से शेयर नहीं करती हैं, जिसके कारण वह ऐसी स्थिति से निकलने में अपने आपको अक्षम महसूस करती हैं। परिवार में आपसी संवादहीनता और अभिभावकों से डर के कारण बालिकाएं अपनी बात कह नहीं पाती है ।

## जय हिंद सभा ने सेनाओं के साहस व शौर्य पर की हौसला अफजाई

**हाथरस ।** पहलगांव में पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा निर्दोष भारतीयों की शहादत का भारतीय सेना ने जो वीरता के साथ आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देकर जो साहस का परिचय दिया है, उससे पूरे भारत देश का गर्व से सीना चौड़ा हुआ है। पूरे देश का बच्चा-बच्चा व कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता एकजुटता से जांबाज सैनिकों के साथ खड़ा है। जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जय हिंद सभा कर अपने देश की तीनों सेनाओं के पराक्रमी सैनिकों को सलाम कर उनकी हौसला अफजाई की है।

# यूपी सीएम योगी बोले- दुस्साहस करने वालों के मंसूबे को मिनटों में चकनाचूर कर देती है हमारी यूपी पुलिस

**लखनऊ , राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ के होटल क्लार्क अवध में आयोजित इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इबजा) के कॉन्क्लेव को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने बीते आठ साल में राज्य की अर्थव्यवस्था और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में हुई उल्लेखनीय प्रगति की विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने एसोसिएशन से आग्रह किया कि वे उत्तर प्रदेश में जेम्स एंड ज्वैलर्स पार्क की स्थापना के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा का बेहतरीन माहौल है। यह अपराध और माफिया मुक्त प्रदेश बन चुका है। सबको पता है कि दुस्साहसियों के दुस्साहस को यूपी पुलिस मिनटों में चकनाचूर कर देती है।

सीएम योगी ने जेम एंड ज्वैलरी से जुड़े व्यापारियों को आश्वस्त किया कि सरकार हर कदम पर




आपके साथ है। सीएम योगी ने लखनऊ में कॉन्क्लेव के आयोजन के लिए इबजा को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ावा देगा, बल्कि सरकार के आठ साल बेमिसाल अभियान को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## आर्थिक विकास में जेम्स एंड ज्वैलर्स का महत्वपूर्ण योगदान

सीएम योगी ने जेम्स एंड ज्वैलर्स उद्योग की भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र देश की जीडीपी में 7 प्रतिशत का योगदान देता है और आयात शुल्क तथा जीएसटी के माध्यम से भी इसका योगदान अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि जेम्स एंड ज्वैलर्स उद्योग न केवल आर्थिक विकास में योगदान देता है, बल्कि रोजगार सृजन और वैश्विक बाजार में भारत की पहचान को भी मजबूत करता है।

## यूपी में सुरक्षा और कानून व्यवस्था में हुआ है सुधार

मुख्यमंत्री ने पिछले एक दशक में देश और विशेष रूप से पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था में आए सकारात्मक बदलावों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आठ साल पहले यूपी में कानून व्यवस्था की स्थिति बदहाल थी। पर्व-त्योहारों पर अशांति, दंगे और व्यापारियों व बेटियों की असुरक्षा आम थी लेकिन 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताते हुए बीजेपी को जनादेश दिया। आज यूपी न केवल दंगा मुक्त, बल्कि माफिया मुक्त भी हो गया है। सभी पर्व-त्योहार चाहे वे किसी भी जाति या धर्म से संबंधित हों, शांति और सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। इस बेहतर माहौल ने व्यापार और निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाई हैं।

## खुटीपुरी जाटान में दलित बच्चे की हत्या से सनसनी-परिवार में मचा कोहराम

**हाथरस ।** कोतवाली मुरसान क्षेत्र के गांव खुटीपुरी जाटान में एक दलित बच्चे की हत्या कर उसका शव आज सुबह खेत में मिलने भारी हड़कम्प पहुंच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। बच्चे के हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे। शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान हैं। बालक दो दिन से घर से गायब था।

घटना की सूचना पाकर मौके पर थाना पुलिस एवं पुलिस अधिकारी भी पहुंच गये। बताया जाता है परिवारीजन बच्चे की हत्या के पीछे रंजिश को वजह मान रहे हैं। उनका कहना है कि समय रहते अगर पुलिस ने बच्चे को ढूंढ लिया होता तो हमारा बेटा जिंदा होता। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। बताया जाता है कोतवाली क्षेत्र के गांव खुटीपूरी जाटान निवासी राजपाल सिंह का करीब 7-8 वर्षीय बेटा भोला 8 मई को दोपहर 3 बजे के करीब शौच के लिए निकला। वहां से आकर आटा चक्की के पास खेलने लगा। इसके बाद वह वहीं से गायब हो गया। परिवार के लोगों ने उसे काफी तलाशा लेकिन नहीं मिलने पर कोतवाली पुलिस को सूचना देकर उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई तथा आज सुबह भोला का शव खेत में पड़ा मिला है,बताया जाता है मृतक भोला राजपाल सिंह का इकलौता बेटा था। उनकी पत्नी का नाम रानी है तथा उनके तीन बच्चों में भोला के अलावा दो बहनें हैं। राजपाल सिंह की अपनी आटा चक्की है। इकलौते बेटे की हत्या पर मां का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दादा प्रेम सिंह ने रंजिश में नाती की हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि हमने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करवाई थी। मगर पुलिस समय रहते भोला को नहीं खोज पाई। वह कक्षा एक में पढ़ता था।बताया जाता है मृतक बच्चे के पेट और छाती के पास धारदार हथियार के निशान हैं। काला कपड़ा भी बंधा हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने रंजिश के चलते हत्या की है। हत्या कहीं और की गई है और शव को फेंका गया है।मृतक के पिता पिता राजपाल सिंह का कहना है कि हम लोगों की किसी से दुश्मनी भी नहीं है। फिर मेरे बेटे को कोई क्यों मार सकता है। मै पुलिस से चाहता हूं, कि मेरे बेटे के हत्यारे को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।

Scanned with OKEN Scanner



## तीनों सेनाओं के पराक्रम के आगे आधी रात पाकिस्तान बेबस नजर आया: सीएम

रायपुर, राष्ट्रीय जनभावना। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देवयान ने भी अलग अंदाज में आतंकवादियों को जवाब दिया है उन्होंने पहलगाम हमले की पीड़ित महिलाओं के लिए लाइनें लिखी हैं। भारत ने पहलगाम हमले का बदला ले लिया। 15 दिनों के बाद तीनों सेनाओं के पराक्रम के आगे आधी रात पाकिस्तान बेबस नजर आ रहा था। उसे जरा भी इल्म नहीं हुआ कि जब पूरा मुल्क सो रहा होगा,तब भारत कहर बनकर टूट पड़ेगा। सभी भारत के जांबाज जवानों को बधाई दे रहे हैं। इस बीच छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव यान ने भी अलग अंदाज में आतंकवादियों को जवाब दिया है। उन्होंने पहलगाम हमले की पीड़ित महिलाओं के लिए लाइनें लिखी हैं। लिख चुके हैं फिर लिखेंगे बार-बार इतिहास में होंगे शत्रु सदा विफल हमसे द्वन्द के प्रयास में तुमने कहा मोदी को बोलो मृत्यु के उपहास में अब सुनो हमारा गर्जन अपनी अंतिम सांस में गौरवान्वित और भावुक महसूस करते हुए यह पंक्तियां पहलगाम की हर बहन को समर्पित कर रहा हूं। इससे पहले सीएम विष्णु देव साय ने अपने एक्स हैंडल से ऑपरेशन सिंदूर की फोटो पोस्ट कर हर-हर महादेव और वंदे मातरम लिखा था। मीडिया से बात करते हुए सीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के लिए पीएम मोदी और सेना के जवानों को धन्यवाद देना चाहेंगे। पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की जघन्य तरीके से जान ली थी।

# बैगा समुदाय की बिटिया ने किया टॉप, मुख्यमंत्री से की मुलाकात

रायपुर, राष्ट्रीय जनभावना। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र और विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के बच्चों में अब शिक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। इसकी बानगी राज्य के अंतिम छोर पर बसे एक गांव में संचालित स्कूल से सामने आई है। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा से लगे गांव कुवांरपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बैगा समुदाय की छात्रा कंगना बैगा ने हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10वीं) में 83.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। कंगना बैगा की इस उपलब्धि पर न केवल उनके परिजन और स्कूल प्रशासन बल्कि पूरा गांव गर्वित है और परिणाम के बाद से जश्न मना रहा है। इस बीच सुशासन तिहार-2025 की कड़ी में औचक निरीक्षण के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एम.सी.बी.) जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत माथमौर गांव पहुंचे। जैसे ही बच्चों को यह जानकारी मिली कि मुख्यमंत्री उनके गांव आए हैं, वे अपनी सफलता की खुशी साझा करने के लिए उनसे मिलने पहुंच गए। मुख्यमंत्री श्री साय ने आत्मीयता और वात्सल्य के साथ बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने अभिभावक के रूप में संवाद करते हुए उनकी शिक्षा और भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसके तीसरे चरण में समाधान शिविरों के माध्यम से प्रदेशवासियों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों के निराकरण की जानकारी दी जा रही है। कई स्थानों पर स्वयं मुख्यमंत्री पहुंचकर आमजन से सीधा संवाद कर रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री साय सुदूर अंचलों में शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए आकस्मिक दौरे कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री के आज माथमौर गांव आने की खबर मिलते ही ग्रामीणों के साथ कई विद्यार्थी भी प्रदेश के मुखिया से मिलने पहुंचे। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुवांरपुर में पढ़ने वाली 10वीं की टॉपर छात्रा कंगना बैगा (83.67त्न), मीनाक्षी शुक्ला (82.83त्न) तथा 12वीं के विद्यार्थी विद्यासागर तिवारी, सचिन कुमार बांधे और कु. शशि सिंह को मुख्यमंत्री ने पेन देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों से भविष्य की शिक्षा और करियर संबंधी योजनाओं पर संवाद किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जहां राज्य में जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रहे हैं, वहीं शिक्षा के प्रसार पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। इसी का सकारात्मक परिणाम है कि अब सुदूर वनांचल क्षेत्रों के बच्चे परीक्षाओं में प्रवीण्य सूची में स्थान पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के द्वारा 7 मई को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया था।



## मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने चौपाल में अपने हाथों से दो युवाओं को पहनाया हेलमेट

रायपुर, राष्ट्रीय जनभावना। सुशासन तिहार के दौरान शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के औचक निरीक्षण हेतु बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के बलदाकछार पहुँचे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गाँव के दो युवाओं को अपने हाथों से हेलमेट पहनाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। उन्होंने बरगद के नीचे लगी चौपाल में बलदाकछार के 24 वर्षीय श्री धनंजय पटेल और 28 वर्षीय श्रीमती हेमलता चंद्राकर को हेलमेट पहनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने शिविर में उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की जान अनमोल है। सड़क पर वाहन चलाते समय दुर्घटना की स्थिति में हेलमेट सिर में गंभीर चोटों से बचाता है। उन्होंने कहा कि हेलमेट लगाना न केवल यातायात नियमों का पालन है, बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

# मुख्यमंत्री ने सूरजपुर, कोरिया और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिलों के अधिकारियों की ली बैठक

रायपुर, राष्ट्रीय जनभावना।

**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज सूरजपुर जिले के जिला पंचायत सभागार में सूरजपुर, कोरिया और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिलों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।**



मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त शिकायतों के अनुसार जिन हैंडपंपों में मरम्मत की आवश्यकता है, उन्हें 10 दिवस के भीतर दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि हैंडपंपों में राइजिंग पाइप का विस्तार कर जल्द मरम्मत की व्यवस्था की जाए, जिससे ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों राजस्व प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के साथ ही स्वामित्व योजना के अंतर्गत अधिकार अभिलेखों का वितरण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और नक्शा बंटांकन जैसे मामलों का शीघ्र निराकरण करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की प्राथमिकता वाली योजना है। इसकी प्रगति पर विशेष ध्यान रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। इस योजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि कोई हितग्राही प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है तो उसके द्वारा मकान बनाने के लिए परिवहन की जा रही रेत के वाहन को खनिज विभाग द्वारा नहीं रोका जाना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के मामले में किसी भी तरह की कोई भी गड़बड़ी पर संबंधितों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट रूप से कहा कि जो आवास मित्र अपने कार्यों में लापरवाही बरत रहे हैं, उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी में प्रधानमंत्री आवासों की संख्या में बढ़ोतरी होने की संभावना है, ऐसे में अधिक से अधिक प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों की आवश्यकता होगी। इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत राजमिस्त्रियों को भवन निर्माण की सेट्रिंग और मेशन का प्रशिक्षण सुनिश्चित दिया जाए, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें और निर्माण कार्य भी तीव्र गति से पूरे होंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आमजन तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता में गांव, गरीब और किसान हैं, जिनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, जिला पंचायत सूरजपुर की अध्यक्ष श्रीमती इंदुमणी पैकरा, विधायक श्री भैयालाल राजवाड़े, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजु एस., जिले के प्रभारी सचिव श्री भुवनेश यादव, सरगुजा संभाग के आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर सूरजपुर, कोरिया और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री श्री साय ने राजमिस्त्री बनकर सोखता गड्ढे के लिए की ईंट जोड़ाई-पानी बचाने के लिए जल संचयन वाहिनी के कार्यों की सराहना

रायपुर, राष्ट्रीय जनभावना।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत आज बलौदाबाजार भाटापारा जिले के विकासखंड कसडोल के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम बलदाकछार पहुँचे। उन्होंने मोर गांव, मोर पानी महाभियान के अंतर्गत जल संचयन हेतु जल संचयन वाहिनी द्वारा निर्मित किए जा रहे सोखता गड्ढे का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं निर्माणाधीन सोखता गड्ढे में ईंट जोड़ाई की। पानी बचाने के लिए जल संचयन वाहिनी के कार्यों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संकट से बचने ऐसे प्रयास आवश्यक हैं। जल संचयन वाहिनी की सदस्य श्रीमती ललिता ध्रुव ने बताया कि मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत बलदाकछार में अब तक 10 नलकूपों के पास सोखता गड्ढों का निर्माण किया जा चुका है। इस अभियान के अंतर्गत तालाबों की सफाई, जागरूकता रैली, दीवार लेखन, तथा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पंचायत राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल 2025 को मोर गांव, मोर पानी महाभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान के अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की सभी 519 ग्राम पंचायतों में अब तक नलकूपों के पास 2500 सोखता गड्ढों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही, लगभग 1291 तालाबों की सफाई भी की गई है। जल संचयन हेतु ग्राम स्तर पर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिनमें वर्षा जल संचयन हेतु आवश्यक संरचनाओं के निर्माण के प्रस्ताव पारित किए जा रहे हैं।

# नवविवाहिताओं को भी जल्द मिलेगा महतारी वंदन योजना का लाभ: मुख्यमंत्री

रायपुर, राष्ट्रीय जनभावना।

**सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज अचानक मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम माथमौर पहुंचे। बिना किसी पूर्व सूचना के जब मुख्यमंत्री माथमौर गांव पहुंचे, तो गांव में उत्साह की लहर दौड़ गई।**

अचानक पहुंचे मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए ग्रामीणों ने आस-पास लगे फूलों से सुन्दर गुलदस्ता तैयार कर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने गांव के बीच स्थित महुआ के पेड़ के नीचे चौपाल



लगाई और वहां मौजूद ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के लाभ की जानकारी लेते हुए कहा कि, नई बहुओं को भी जल्द महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। वहीं ग्राम सरपंचों को पीएम आवास के लिए पात्र परिवारों की सूची बनाकर भेजने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने चौपाल की शुरुआत भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारों के साथ की। उन्होंने गांव के सरपंच को अपने पास बिठाया और पंचायत में विकास कार्यों एवं जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा समस्याओं की विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री के आगमान की खबर पाकर आसपास के कोलियारी और कुवांरपुर पंचायत के साथ निकट के कई ग्रामों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण माथमौर पहुंचे थे, जिन्होंने अपनी समस्याएं और मांगें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सामने रखीं। चौपाल में मुख्यमंत्री श्री साय ने राशन दुकान संचालन, महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति पर ग्रामीणों से फीडबैक लिया। उन्होंने महिलाओं से पूछा कि, क्या उन्हें हर माह हजार रुपये की राशि समय पर मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट किया कि जिन नवविवाहित महिलाओं की पात्रता बनती है, उन्हें भी जल्द महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा।

### कुवांरपुर में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र की होगी स्थापना

जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी सच्चाई जानने के साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय ने माथमौर और उसके आसपास के गांवों के लिए कई बड़ी घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कुवांरपुर में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना की घोषणा की। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत फुलझर से चंदेला, तिलौली से दर्रीटोला, सनबोरा से पण्डो, कुवांरपुर से गाजर और पटपर टोला से चंदेला तक नई सड़कों के निर्माण की बात कही।

## संवाद और समाधान का सेतु-सुशासन तिहार

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में चल रहा सुशासन तिहार जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं के लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम बन रहा है। 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक तीन चरणों में आयोजित यह अभियान पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसंवाद को बढ़ावा दे रहा है, जिसका उद्देश्य शासन को जन-केंद्रित बनाना, जन सरोकार, जन विश्वास को मजबूत करना और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन करना है। ऑनलाइन पोर्टल और शिविर के माध्यम से आवेदन एकत्र प्राप्त किये गए।

# आत्मसमर्पित माओवादियों को मिल रहा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, कृषि एवं पशुपालन की आधुनिक तकनीकों से बदलेगा जीवन

रायपुर, राष्ट्रीय जनभावना।

राज्य शासन द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापना एवं समावेशी विकास को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 लागू की गई है। इस नीति के तहत आत्मसमर्पण करने युवाओं को समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। सुकमा जिले में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के माध्यम से 20 आत्मसमर्पित युवाओं को कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण तीन माह की अवधि का है जिसमें उन्हें ड्रिप इरिगेशन, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, जैविक खेती, सब्जी उत्पादन, डेयरी, मुर्गी और मत्स्य पालन जैसी आजीविका आधारित तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय साक्षरता तथा लघु उद्यम



स्थापित करने की विधियों पर भी सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात इन युवाओं को सिलाई तथा मोटर ड्राइविंग जैसे अन्य रोजगारमूलक विषयों में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 केवल आत्मसमर्पण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन युवाओं को नवजीवन देने का प्रयास है, जो कभी भटकाव के रास्ते पर चले गए थे। हमारा उद्देश्य है कि वे आत्मनिर्भर बनें, सम्मानजनक जीवन जिएं और समाज के लिए प्रेरणा बनें। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि यह केवल पुनर्वास नहीं, बल्कि मुख्यधारा में लौटे युवाओं के लिए स्थायी आजीविका की दिशा में एक ठोस कदम है। लाइवलीहुड कॉलेज की नोडल अधिकारी सुश्री मधु तेता ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण के बाद इन युवाओं को स्वरोजगार हेतु शासन से आवश्यक सहायता भी प्रदान की जाएगी। राज्य शासन की यह पहल न केवल नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी शांति स्थापित कर रही है, बल्कि युवाओं को एक सकारात्मक भविष्य की ओर अग्रसर कर रही है।

Scanned with OKEN Scanner



## मध्यप्रदेश सीनियर पिट्टू टीम को खिताब

इंदौर। पिट्टू फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पिट्टू एसोसिएशन ऑफ मप्र द्वारा आयोजित मोयरा कप 5वी सीनियर एवं दूसरी सब जूनियर नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप के सीनियर पुरुष वर्ग में खेले गए फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश ने हरियाणा को 26 अंको से परास्त कर खिताब पर कब्जा जमाया । सीनियर महिला वर्ग में हरियाणा ने गुजरात को 22 अंको से परास्त कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया । सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग में क्रमशः आदिवासी विभाग एवं राजस्थान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । सब जूनियर बालक वर्ग में गुजरात ने उत्तराखंड को 45 अंको से परास्त कर खिताब पर कब्जा जमाया । सब जूनियर बालिका वर्ग में हरियाणा ने झारखंड को 68 अंको से परास्त कर खिताब पर कब्जा जामाया । सब जूनियर बालक व बालिका वर्ग में क्रमशः आदिवासी विभाग एवं गुजरात ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । विजेता टीमों को सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज कैरो, पिट्टू एसोसिएशन ऑफ मप्र के अध्यक्ष हरिनारायण यादव, सचिव गुलाब सिंह चौहान, नवीन गौड़, ईश्वर सिंह चौहान ने पुरस्कृत किया । अतिथियों का स्वागत दुर्गा शंकर मोयल, गोविंद मुलेवा, सुयश भार्गव, रोहित बाजपई, आदित्यराज सोनी आदि ने किया । कार्यक्रम का संचालन कृष्ण गोपाल मिश्रा व आभार प्रदर्शन अनुराग तिवारी ने किया ।

## अमान खान एवं असमी रघुवंषी ने जीता एकल खिताब



इंदौर। मध्य प्रदेष टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की गई आदिनाथ फ्लेक्सीपैक प्राईवेट लिमिटेड ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए फाइनल मुकाबलें में बालक वर्ग से अब्दुल अमान खान तथा बालिका वर्ग से असमी रघुवंषी ने एकल खिताबी जीत दर्ज की। स्पर्धा का समापन समारोह डा. राकेष सिंघई, उपकुलपति, देवी अहिल्या विष्वविद्यालय एवं श्री अनिल धूपर, महासचिव, अखिल भारतीय टेनिस संघ के आतिथ्य में किया गया। समारोह का संचालन इरफान अहमद द्वारा किया गया। बालक बर्ग-16 वर्ष आयु (एकल फाइनल) अब्दुल अमान खान (म.प्र.) विवि आरूष जैन (म.प्र.) 4-6, 7-6 (6), 7-5 बालिका बर्ग-16 वर्ष आयु (एकल फाइनल)असमी रघुवंषी (म.प्र.) विवि ऋषिना त्रिपाठी (म.प्र.) 6-3, 6-3 बालक बर्ग-16 वर्ष आयु (युगल फाइनल)माधव शाह-रंष गोटावाला विवि त्रिषिर धवन-सुविग्या चौधरी 6-4, 3-6, 10-6 बालिका बर्ग-16 वर्ष आयु (युगल फाइनल) ऋषिना त्रिपाठी-पलक मालवीय विवि असमी रघुवंषी-मनुस्मृति सिंह 6-1, 6-4।

## एमवायसीसी द्वारा आयोजित नमन कोठारी मेमोरियल अंडर-12 टी-20 क्रिकेट स्पर्धा शुरू



इंदौर। लगातार 11 वर्षो की तरह इस वर्ष भी एमवायसीसी द्वारा नमन कोठारी मेमोरियल अंडर-12 टी-20 क्रिकेट स्पर्धा शुरू हो गई है। स्पर्धा का प्रथम मैच एस एस कम्यून व राऊ क्रिकेट क्लब के बीच जिमखाना मैदान पर खेला गया, जिसमें एस एस कम्यून ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 141 रन बनाए, जिसमें कुषल शाह ने 53 रनों का योगदान दिया । जवाब में राऊ क्रिकेट क्लब की टीम 13.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 59 रन पर सिमट गई और यह मैच 82 रनों से एस एस कम्यून जीत लिया । मैच के दौरान मुख्य अतिथि में रूप में संयोगिता गंज के एसीपी श्री तुषार सर, थाना प्रभारी सतीष सर, एमवायसीसी में चैयरमैन श्री अमित भटट्, सचिव परविंदर रैना, अभिषेक पंचोली, चेतन मडोवरा मौजूद रहे ।

## 45वें ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन हुआ



इंदौर। जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित शिविर का उद्घाटन हुआ। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित 45वें ग्रीष्मकालीन बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक उद्घाटन नेहरू स्टेडियम बैडमिंटन हाल में वरिष्ठ अभिभाषक विवेक सिंह पूर्व अध्यक्ष स्टेट बार काउंसिल के द्वारा किया गया। हिमांशु जोशी, अतिरिक्त सोलिसिटर जनरल म.प्र. उच्च न्यायालय इंदौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अतिथियों ने सभी शिविरार्थियों और प्रशिक्षकों को टीशर्ट भी प्रदान की। अतिथियों का स्वागत इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन अध्यक्ष अनिल भंडारी, सचिव आरपी सिंह नेयर और सहसचिव धर्मेश यशलहा, मनीष त्रिवेदी आदि ने किया। अनिल भंडारी ने स्वागत उद्बोधन दिया. सुधांशु व्यास ने संचालन किया। आभार संगठन सचिव आरपीसिंह नय्यर ने माना। नेहरू स्टेडियम बैडमिंटन हाल में शिविर सुबह और शाम दो सत्रो में चल रहा है। सुधांशु व्यास, मनीष त्रिवेदी, रूबी नैयर प्रशिक्षण दे रहै हैं।

# आयुष शेट्टी और उन्नति हूडा ताईपेई खुली सुपर 300 के सेमीफाइनल में

**इस साल दो विश्व टूर स्पर्धा के सेमीफाइनल में दस्तक देने वाले आयुष पहले भारतीय**

## इस साल विश्व टूर महिला एकल का सेमीफाइनल खेलनेवाली उन्नति पहली भारतीय





इस साल पहली बार भारत के दो खिलाड़ियों ने विश्व टूर की बैडमिंटन स्पर्धा में सेमीफाइनल में जगह बनाई हैं, विश्व नंबर 53 उन्नति हूडा इस साल विश्व टूर स्पर्धा के महिला एकल सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं, साढ़े 17 वर्षीय उन्नति हूडा के साथ ही विश्व नंबर 44 आयुष शेट्टी ने भी योनेक्स ताईपेई खुली सुपर -300 बैडमिंटन स्पर्धा के सेमीफाइनल में दस्तक दी, 20वर्षीय आयुष शेट्टी पहले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं जो विश्व टूर की दो स्पर्धाओं के सेमीफाइनल में खेलेंगे,वे दो उलटफेर कर ओर्लेन्स मास्टर्स सुपर-300 बैडमिंटन स्पर्धा के सेमीफाइनल तक खेले, पुरुष एकल में ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय हैं, अब ताईपेई में भी आयुष शेट्टी दो उलटफेर करके ही सेमीफाइनल तक आए है

सेमीफाइनल में दोनों ही भारतीय खिलाडियों को पहले क्रम के खिलाड़ियों से खेलना हैं

आयुष शेट्टी ने क्वार्टर फाइनल में सातवें क्रम के कनाडा के ब्रायन यांग को एक घंटे 11 मिनट के संघर्ष में 16-21,21-19,21-14 से हराया, आयुष ने पहले दौर में आल इंग्लैंड उपविजेता,तीसरे क्रम के ताईपेई के ली चिआ हाओ को हराकर उलटफेर किया, वे दूसरे दौर में पूर्व विश्व उपविजेता, अनुभवी भारतीय किदांबी श्रीकांत से जीते, आयुष पहला गेम 13-15 और 15-20 से पिछड़ने के बाद ब्रायन यांग से 20 मिनट में हार गए, आयुष ने विश्व नंबर 31 ब्रायन यांग से दूसरा गेम 2-4 ,3-6, 5-7, 7-9 से पिछड़ने के बाद जीता, 7और 10 पर बराबरी करके आयुष ने 11-10और 18-15 की बढ़त ली, ब्रायन ने 18-18 की बराबरी कर 19-18 की बढ़त ले ली, आयुष ने 20-19 की बढ़त लेकर 27 मिनट में पहला गेम जीता, तीसरे और निर्णायक गेम में आयुष ने 3-0,4-2,6-4की बढ़त ली, 6और 7 की बराबरी के बाद आयुष ने 11-8 की बढ़त बनाई, वे 13-9,15-10,18-13 से आगे हुए, पादुकोण बैडमिंटन अकादमी बैंगलुरु के आयुष ने जीत के बाद कहा मैं ताईपेई खुली स्पर्धा में पहली बार खेल रहा हूं, सेमीफाइनल खेलकर बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं, बहुत खुश हूं, मैं और आगे बढ़ना चाहता हूं आयुष शेट्टी का सेमीफाइनल विश्व नंबर 7, पहले क्रम के ताईपेई के चोयु तैन चेन से है, पूर्व विजेता चोयु ने क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद जकि उबेदुल्लाह को एक घंटे 13 मिनट में 16-21, 21-18,21-19 से हराया, विश्व नंबर 11,दूसरे क्रम के सिंगापुर के लोह केन येव ने विश्व नंबर 49 थाईलैंड के फानित्चाफोन तीरारात्सकुल को 21-18, 21-12 से हराया , पांचवें क्रम के ताईपेई के वांग त्सु वेई ने विश्व नंबर 45 मलेशिया के जस्टिन होह को21-13,21-15 से पराजित किया, हरियाणा की उन्नति हूडा ने महिला एकल क्वार्टर फाइनल में विश्व नंबर 65 ताईपेई की हुंग यि तिंग को52 मिनट में 21-8, 19-21 ,21-19 से हराया, उन्नति ने पहला गेम 5-3, 7-4, 13-5और 17-7 की बढ़त लेकर 11 मिनट में जीता, दूसरे गेम में उन्नति 5,7और 8 पर बराबरी कर 8-11 से पिछड गई, उन्नति ने 10-11और 11-12 किया, हुंग ने 14-11,16-12और 18-15 की बढ़त ली, उन्नति ने 17-18 स्कोर किया, हुंग 19-17 और 20-18 की बढ़त लेकर जीत गई, तीसरे और निर्णायक गेम में उन्नति ने 3-3 के बाद उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए 6-3, 9-4, 11-5,16-11,18-13,19-14 और 20-17 की बढ़त ली, हुंग क्रास कोर्ट स्मैश से 19-20 तक आई लेकिन साइड बाहर रिटर्न से उन्नति से दूसरी बार भी हार गई, उन्नति ने हुंग को इसी साल 22 फरवरी को सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय चैलेंज स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में ही 21-16, 21-13 से हराया था, उन्नति इस स्पर्धा में उपविजेता रही, विश्व टूर की दो सुपर 100 ओडिशा मास्टर्स और अबु धाबी मास्टर्स जीत चुकी उन्नति पहली सुपर-300 के सेमीफाइनल में आकर बहुत खुश हैं, जिसका इजहार उन्होंने क्वार्टर फाइनल मैच जीतने के बाद किया, उन्नति हूडा का सेमीफाइनल विश्व नंबर 8, पहले क्रम की तोमोका मियाझकि से है, दोनों के बीच विश्व जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा 2023 में तीसरे दौर में मुकाबला हो चुका हैं जिसमें तोमोका 21-13,21-13 से जीती, इसी स्पर्धा में आयुष शेट्टी को कांस्य पदक मिला,तोमोका मियाझकि ने क्वार्टर फाइनल में विश्व नंबर 31 ताईपेई की लिन ह्सिंग ति को 17-21 ,21-8 ,21-17 से हराया, दूसरे क्रम की कोरिया की सिम यु जिन ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की कारुपाथोवान लेत्शाना को 21-16 ,13-21, 21-15 से हराया, दो पूर्व विश्व जूनियर विजेता खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में 18 वर्षीय थाईलैंड की पित्चामोन ओपात्म्पुथ ने विश्व नंबर 36 जापान की रिको गुन्जि को 21-16,21-17 से हराकर दूसरी बार विश्व टूर स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाई, वे 2023 में ताईपेई स्पर्धा में ही पहली बार सेमीफाइनल में आई थी, विश्व नंबर 77 पित्चामोन ने 2023 स्पोकने में तो, रिको ने चार साल पहले कजान रुस में विश्व जूनियर खिताब हासिल किया , दुबई पेरा अंतरराष्ट्रीय में भारत को 20 पदक जरुर मिलेंगे छठवीं फाझ्झा दुबई पेरा अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन स्पर्धा में भारत को कम से कम 10 पदक मिलेंगे, दुबई में हो रही इस स्पर्धा में भारत के 10 खिलाड़ी एकल के सेमीफाइनल में हैं, एस एल 4 पुरुष एकल, एस यु 5 पुरुष युगल और एस एल3एस यु5 मिश्रित युगल में तो एक-एक भारतीय फाइनल में जरुर खेलेंगे , कृष्णा नागर, उमेश विक्रम कुमार, जगदेश दिल्ली, हार्दिक मक्कर, रिथिक रघुपति, सुर्यकांत यादव, अभिजीत सखुजा, अबु जुबैदा, प्रेमकुमार अले, चिराग बरेजा, सुदर्शन श्रवण कुमार मुथुसामी, सिवराजन सोलाइमलाई, मनदीप कौर, अल्फिआ जेम्स सेमीफाइनल में हैं, कोरिया के चाओ नादान ने एस एल 4 में पहले क्रम के भारत के सुकान्त कदम को समूह लीग में 21-13,16-21,21-18 से हराकर उलटफेर किया, चाओ को दो साल बाद अंतरराष्ट्रीय पदक मिलेगा, सुकान्त मोहम्मद अमिन बुरहानुद्दीन से भी 11-21, 20-22 से हार गए श्रियांशी वलिशेट्टी मेक्सिकन अंतरराष्ट्रीय चैलेंज के क्वार्टर फाइनल तक ह्यपांचवें मेक्सिकन अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा में तीसरे क्रम की श्रियांशी वलिशेट्टी महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पराजित हुई, विश्व नंबर 213 जापान की शिओरि इबिहारा ने विश्व नंबर 84 श्रियांशी को 43 मिनट में 21-7,12-21,21-13 से हराया

अभा रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा गोआ स्थगित करने की जरुरत भारत के पाकिस्तानी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई से देश में प्रभावित हवाई सेवा को देखते हुए गोआ में 15 से 23 मई तक होनेवाली योनेक्स सनराइज अखिल भारतीय सब जूनियर 15और 17 वर्ष आयु बैडमिंटन स्पर्धा को स्थगित करने की मांग बढ़ती जा रही हैं, उत्तर भारत के तो अनेक हवाई अड्डे नागरिक हवाई जहाज के लिए बंद कर रखे हैं, जिस वजह से खिलाडियों, पैरेंट्स और प्रशिक्षकों, आफिशियल्स को गोआ पहुंचने में बहुत परेशानी होगी, भारतीय बैडमिंटन संगठन को इस संबंध में तुरंत कदम उठाना चाहिए, इस स्पर्धा में 1,885 खिलाड़ियों की प्रविष्टियां हैं , भारतीय सेना के जज्बे, अदम्य साहस, पराक्रम, जवाबी हमले, अभेद्य सुरक्षा कवच, आपरेशन सिन्दूर को सलामजय जवान

* धर्मेश यशलहा
सरताज अकादमी
स्मैश

## दिल्ली और पंजाब मैच रद्द होने से प्लेऑफ पर भी पड़ा प्रभाव

मुम्बई (ईएमएस)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से जारी संघर्ष के बीच ही गुरुवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स मैच रद्द होने से आगे भी आईपीएल के मैचों को लेकर भी संशय व्याप्त हो गया है। गुरुवार को पाक के मिसाइल और ड्रोन हमले के बाद पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स मैच को बीच में ही रोकना पड़ा था। मैच पूरा नहीं होने के कारण दोनो ही टीमों के बीच एक-एक अंक बांट दिया गया था। ऐसे में आईपीएल अंक तालिका में भी बदलाव आया है। गुजरात टाइटंस की टीम अभी नंबर एक पर हैं उसके 16 अंक है और उसे प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए बचे हुए 3 में से कम से कम एक और मैच जीतना होगा। वहीं दूसरे नंबर पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भी 16 अंक हैं पर वह नेट रन रेट में गुजरात से पीछे होने के कारण दूसरे नंबर पर है। उसे भी प्लेऑफ के लिए एक ही मैच जीतना है। वहीं अगर यह मैच बीच में रद्द होता है या फिर बारिश के कारण नहीं हो पाता है तो आरसीबी के 17 अंक हो जाएंगे और उसे तब भी प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी। पंजाब किंग्स के 12 मैचों में 7 जीत के साथ 16 अंक है, कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनका एक मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया जबकि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनका मैच बीच में रद्द कर दिया गया। पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचने अब बचे दोनों मैच जीतना है। मुंबई इंडियंस के पास अभी 12 मैचों में 14 अंक है उसका नेट रन रेट +1.156 है। ऐसे में मुंबई को अगले दो मुकाबले पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से जीतने होंगे।



चीन में राष्ट्रीय खेलों की रिले रेस में जीत के बाद उत्साहित स्वर्ण विजेता ली झुवाओ, टेंग जियांगडा व टेंग जियो। (फोटो-ईएमएस)

## प्रभसिमरन ने हासिल की अहम उपलब्धि

चंडीगढ़ (ई)। पंजाब किंग्स के युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन आईपीएल के इस 18 वें सत्र में काफी अच्छा रहा है। प्रभसिमरन ने इस बार एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। प्रभसिमरन ने अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक चार अर्धशतक लगाये हैं। इससे पहले यह कारनामा डेविड मिलर ने साल (2013), ग्लेन मैक्सवेल ने साल (2014), क्रिस गेल ने साल (2018) और केएल राहुल ने साल (2018, 2019, 2020) सत्र में किया था। अब इन खिलाड़ियों ने लगातार 3-3 बार 50 से अधिक रन बनाये थे। प्रभसिमरन की इस शानदार उपलब्धि ने उनकी प्रतिभा का अंदाजा होता है। प्रभसिमरन पंजाब की ओर से सलामी बल्लेबाज के तौर लगातार चार पारियों में अर्धशतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं।

## खिलाड़ियों को घर भेजने के प्रयास में लगी बीसीसीआई

नई दिल्ली (ई)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आईपीएल के एक सप्ताह तक लिए स्थगित होने के बाद भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों को घर भेजने के बारे में सलाह कर रहा है। फ्रेंचाइजी अब विदेश मंत्रालय की ब्रीफिंग के बाद आगे की सलाह का इंतजार कर रही हैं कि वे भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ और अन्य क्रू सदस्यों को अपने-अपने घरों को वापस कैसे भेज सकती हैं।÷ पाकिस्तान के ड्रोने हमलों को देखते हुए धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच एचपीसीए स्टेडियम में मैच पहली पारी के आधे समय के बाद रद्द कर दिया गया था।

## भारतीय टीम के एशिया कप में भाग लेने की संभावना नहीं

मुम्बई (ई)। भारतीय क्रिकेट टीम के इस साल अगस्त में बांग्लादेश और सितंबर में एशिया कप में भाग लेने की संभावना नहीं है। माना जा रहा है कि बीसीसीआई इस समय में आईपीएल के बचे हुए मैचों को पूरा कर सकता है। बीसीसीआई अभी एक ऐसी विंडो पर काम कर रहा है, जिससे वे आईपीएल 2025 के शेष 17 मैचों का आयोजन कर सकें, जिसमें दो क्वालीफायर, एक एलिमिनेटर और फाइनल शामिल हैं। वहीं भारत को जून के पहले सप्ताह में पांच मैचों के टेस्ट दौरे के लिए इंग्लैंड जाना है। ऐसे में बीसीसीआई के लिए अगस्त-सितंबर का समय टूर्नामेंट को पूरा करने का एकमात्र अवसर हो सकता है। भले ही आईपीएल भारत के बांग्लादेश दौरे और एशिया कप से पहले पूरा हो जाए, लेकिन यह पूरी तरह से संभव नहीं है।

## पीसीबी ने पीएसएल को दुबई स्थानांतरित किया

लाहौर (ई)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि भारत के साथ संघर्ष और रावलपिंडी स्टेडियम में हुए ड्रोन हमलों के बाद सुपर लीग (पीएसएल) के बचे हुए मैचों को संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा। पीएसएल के 10वें सीजन के 8 मुकाबले अभी होने शेष हैं। इसमें चार प्लेऑफ के मैच हैं जबकि बचे हुए चार लीग मैच हैं। पीसीबी ने कहा है कि सीमा पर जारी संघर्ष और भारत के ड्रोन हमलों के कारण खिलाड़ियों, कर्मचारियों और प्रशंसकों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा हो गई थीं जिसके बाद इन्हें दुबई में स्थानांतरित करने पर फैसला हुआ। हैं। पीसीबी ने गुरुवार को इस्लामाबाद में एक आपात बैठक में विदेशी खिलाड़ियों के साथ बात की थी।

# भारतीय टीम के नये टेस्ट कप्तान के लिए ये हैं प्रबल दावेदार

**मुम्बई (ईएमएस)। रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद अब अगले माह होने वाले इंग्लैड दौरे के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को नये कप्तान की तलाश है। भारतीय टीम को इंग्लैड दौरे में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। ऐसे में इन चार खिलाड़ियों को कप्तानी का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।**



जसप्रीत बुमराह - तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट कप्तान बनने के सबसे बड़े दावेदार हैं। वह टीम के उपकप्तान भी हैं। उन्होंने कई अवसरों पर नेतृत्व कर प्रभावित किया है। बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले और आखिरी टेस्ट में भारत की कप्तानी की थी। उन्होंने पहले मैच में 72 रन देकर 8 विकेट लेकर भारत को 295 रनों से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी वह प्लेयर ऑफ द मैच ही रहे।हालांकि, बुमराह सिडनी में आखिरी टेस्ट में चोट लगने के कारण पूरा मैच नहीं खेल सके थे। बुमराह का कमजोर पक्ष उनकी फिटनेस है।

केएल राहुल - विकेटकीपर बल्लेबजा के एल राहुल भी दावेदारों की सूची में हैं। वह तीन टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी कर चुके हैं। जिसमें से दो में जीत मिली। राहुल ने साल 2021-22 में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर दूसरे टेस्ट के दौरान कोहली की जगह कप्तानी की थी। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश दौरे पर भी नेतृत्व किया। राहुल ने हाल ही में टेस्ट में अपनी लय भी हासिल की है। उन्होंने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अच्छी अहम पारियां खेलीं। वह आईपीएल में पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान रहे हैं।

ऋषभ पंत - विकेटकीपर- बल्लेबाज ऋषभ पंत भी टीम इंडिया के टेस्ट की कप्तानी के दावेदारों में शामिल हैं। ऋषभ साल 2017 में डेब्यू के बाद से ही राष्ट्रीय टीम का अहम हिस्सा हैं। उन्होंने जून 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच टी20 मैचों में भारत की कप्तानी की थी। ऋषभ ने 54 से ज्यादा आईपीएल मैचों में कप्तानी की है। उन्होंने दो आईपीएल टीमों की कप्तानी की है।

शुभमन गिल - युव बल्लेबाज शुभमन गिल को भी टेस्ट टीम की कमान मिल सकती है। उन्होंने 2018 में न्यूजीलैंड में आयोजित अंडर-19 विश्व कप के बाद से ही कप्तानी का अच्छा अनुभव हासिल किया है। वह पिछले साल जिम्बाब्वे दौरे पर पांच टी20 मैचों में भारत के कप्तान रहे थे। भारत ने ये सीरीज 4-1 से सीरीज जीती थी। शुभमन आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस की कप्तानी कर रहे हैं। वह वनडे टीम के उपकप्तान भी हैं।

Scanned with OKEN Scanner

# जागेश्वरनाथ धाम कॉरीडोर बनने से मंदिर क्षेत्र की बढ़ेगी भव्यता : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने बांदकपुर में रखी देवश्री जागेश्वरनाथ लोक की आधारशिला





**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दमोह जिले के जागेश्वरनाथ मंदिर के नवनिर्माण का आज हम संकल्प ले रहे है। आज भगवान देवश्री जागेश्वरनाथ का अभिषेक देश की पवित्र नदियों के जल और पवित्र धार्मिक स्थलों की मिट्टी से शिवलिंग का पूजन हुआ है। देवश्री जागेश्वरनाथ मंदिर में 100 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कॉरिडोर से भगवान श्री जागेश्वरनाथ मंदिर की भव्यता बढ़ेगी। मंदिर के कॉरिडोर बनने से मंदिर सहित क्षेत्र की भव्यता बढ़ेगी, सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दमोह जिले के सुप्रसिद्ध देवश्री जागेश्ववरनाथ मंदिर में 10 करोड़ की लागत से बनने वाले प्रथम चरण के कॉरिडोर के भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक नेता हैं। उनके नेतृत्व में बनारस में बाबा विश्वनाथ का धाम भव्य रूप ले चुका है। अयोध्या में भी भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना है। सनातन संस्कृति में 7 प्रमुख नगरियां हैं। जब अयोध्या का फैसला आया तो यह लोकतंत्र के गौरव का अवसर था, जिसका सभी धर्म के लोगों ने मिलकर स्वागत किया और एकजुटता दिखाई थी। इसी प्रकार आज जब सेना शौर्य दिखा रही है, तब भी देश एकजुट है। यही भारतीय लोकतंत्र की ताकत है, जिसे देखकर दुनिया अचंभित है। कार्यक्रम में पहलगाम आतंकी हमले के शिकार पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विकसित हो रहे धार्मिक पर्यटन केन्द्र युवाओं के लिए रोजगार के केन्द्र बनकर उभरेंगे। यहां आध्यात्म के साथ, शैक्षणिक और रोजगार मूलक गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। इन कार्यों के लिए राज्य सरकार बजट की कोई कमी नहीं आने देगी। प्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए अभियान चल रहा है। बुंदेलखंड के किसानों की स्थिति बेहतर करने और पेयजल संकट को दूर करने के लिए केन्द्र सरकार के सहयोग से केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मना रही है। मंदसौर में 3 मई को किसानों के लिए हुए कृषि मेले के ऐतिहासिक और सफल आयोजन के बाद अब 26 मई को नरसिंहपुर में कृषि मेला आयोजित किया जाएगा। यहां खेती के आधुनिक उपकरण और खाद्य प्र-संस्करण की इकाइयों की जानकारी किसानों को मिलेगी। दमोह एवं निकटवर्ती जिलों के किसान बंधु भी नरसिंहपुर के कृषि मेले में आमंत्रित हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने दूध उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया है। अब घर-घर गाय होंगी और हर घर गोकुल होगा। प्रदेश के हर ब्लॉक में एक गांव को आदर्श वृंदावन ग्राम बनाने का संकल्प लिया गया है। भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श और ज्ञान का प्रकाश चहुंओर फैलाने के लिए राज्य सरकार ने प्रत्येक नगरीय निकाय में गीता भवन के निर्माण का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गूगल पर सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला ग्रंथ पवित्र गीता है। निश्चित ही गीता एक अद्वितीय ग्रंथ है। पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जागेश्वर धाम धार्मिक आस्था का केन्द्र है। कॉरिडोर की सौगात से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई है। लगभग 10 करोड़ की लागत से बनने वाले कॉरीडोर की नींव आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रखी है। उन्होंने प्रदेश एवं जिले के आम नागरिकों, श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनायें दी। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक व धर्मस्य विभाग राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा देवश्री जागेश्वरनाथ धाम बहुत ही दिव्य और भव्य बनेगा। कॉरिडोर में दुकान, फूड कोर्ट, संस्कृत विद्यालय और 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृति भी बनेगी। पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री श्री लखन पटेल ने कहा सहज और सरल स्वभाव के धनी हमारे मुख्यमंत्री डॉ. यादव से कुछ मांगने की आवश्यकता नहीं पड़ती, बिना मांगे ही डॉ. यादव इच्छा पूरी कर देते हैं। उन्होंने देव श्री जागेश्वर धाम कॉरिडोर के लिए 100 करोड़ रुपए स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। दमोह सांसद श्री राहुल सिंह लोधी ने कहा देवश्री जागेश्वरनाथ लोक की देश के 13 वें ज्योतिर्लिंग के रूप में पहचान है। प्रथम चरण में लोक के लिए 10 करोड़ रुपए की लागत से आवश्यक कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि अभी तक बुंदेलखंड की पहचान खजुराहो से थी आज से 5 साल बाद बुंदेलखंड देवश्री जागेश्वर नाथ धाम के नाम से जाना जायेगा। बुंदेलखंड अब खजुराहो के साथ बांदकपुर धाम के नाम से भी जाना जाएगा। पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक श्री जयंत मलैया ने कहा कि देवश्री जागेश्वर नाथ लोक बनने से सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत भी मजबूत होगी। साथ ही रोजगार व व्यापार के नए अवसर का सृजन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बांदकपुर में देवश्री जागेश्वर नाथ की पूजा अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की। उन्होंने माता पार्वती का आर्शीवाद लिया। मंदिर कमेटी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश भर में पवित्र स्थलों पर बनाये गये कॉरीडोर की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर बांदकपुर कॉरीडोर मॉडल को भी सराहा।

### मुख्यमंत्री ने साधु संतों का आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में साधु संतों का पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया। उन्होंने संतो का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

## खंडवा में डायल-112/100 सेवा की मानवीय पहल

**भोपाल ।** थाना मंधाता क्षेत्र के ओंकारेश्वर में मध्यरात्रि के समय 34 वर्षीय युवक का हुआ स्वास्थ्य खराब, डायल-112/100 एफ आर व्ही ने युवक को अस्पताल पहुँचाया। खंडवा के थाना मंधाता क्षेत्र में गजानन्द आश्रम के पास कॉलर का स्वास्थ्य खराब हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 09-05-2025 को रात्रि 11:34 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल मंधाता थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक अनिल बारिया तथा पायलेट लोकेन्द्र पँवार ने मौके पर पहुँचकर बताया कि संदीप काछी उम्र 34 साल निवासी इंदौर के अचानक दोनों पैर सुन्न हो गये थे, जिससे वह चल नहीं पा रहे थे । देर रात चलने मे असमर्थ युवक ने स्वयं डायल -112/100 नंबर पर कॉल कर मदद मांगी। डायल-112/100 एफ आर व्ही द्वारा पीड़ित युवक को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल मंधाता पहुंचाया गया ।

## समाज के प्रश्नों के समाधानकारक नवाचारों के लिए आगे आ रहे हैं विद्यार्थी :शिक्षा मंत्री

**भोपाल ।** समाज के प्रश्नों के समाधान, शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। विशेषकर ग्रामीण भारत में विद्यमान प्रश्नों का समाधान, शिक्षा के माध्यम से ही निकालना होगा। इसके लिए हमें अपने दायित्व का भान करने की आवश्यकता है। भारतीय समाज में हर विद्या-हर क्षेत्र में विद्यमान ज्ञान को युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में पुनः शोध एवं अनुसंधान कर, दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता हैं। विश्व मंच पर भारतीय ज्ञान



को तथ्यपूर्ण प्रमाण के रूप में दिखाने के लिए, शोध एवं अध्ययन को दस्तावेज से समृद्ध करना होगा। इसके लिए पूर्वजों के ज्ञान के प्रति स्वत्व का भाव जागृत करना होगा। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इनोवेट एमपी मिशन की दृष्टि से सृजित सृजन कार्यक्रम के प्रदर्शनी शुभारम्भ कार्यक्रम में कही। श्री परमार ने कहा कि ग्रामीण भारत के विद्यार्थी, नवाचारी दृष्टि के साथ आगे आ रहे हैं। समाज के प्रश्नों के समाधानकारक नवाचारों के लिए विद्यार्थी आगे आ रहे है। विद्यार्थियों के नवाचारी शोधों के लिए आवश्यक मार्गदर्शन, तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के साथ साथ, उनके नवाचारों के दस्तावेजीकरण के लिए यह अभिनव पहल की गई है। विद्यार्थियों के नवाचारी विचार से लेकर दस्तावेजीकरण तक की यात्रा में, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सहयोग करेगा।

मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा पर, प्रदेश में तीव्र गति से क्रियान्वयन हो रहा है। हर विद्या हर क्षेत्र में, भारतीय ज्ञान परम्परा पर पुनर्चिंतन हो रहा है। ईसा के पहले के भारत के समृद्ध ज्ञान पर, शोध एवं अध्ययन जारी है। भारत में हजारों वर्ष पूर्व इंजीनियरिंग और तकनीकी सहित हर क्षेत्र में काम हुए हैं, इसके प्रमाण विश्व मंच पर मिल रहे हैं। मंत्री श्री परमार ने भारत के प्राचीन ज्ञान के विविध उदाहरण प्रस्तुत कर, भारतीय ज्ञान परम्परा पर प्रकाश डाला। मंत्री श्री परमार ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य की चुनौतियों को समझकर, स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 के लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ना होगा। आज के युवा विद्यार्थी ही, वर्ष 2047 का विकसित भारत गढ़ेंगे। विकसित भारत @2047 की संकल्पना सिद्धि, विद्यार्थियों की प्रभावी सहभागिता से होगी।

मंत्री श्री परमार ने कहा कि नवाचारों को मंच देने को लेकर, तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा सृजन कार्यक्रम का सूत्रपात किया गया है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि प्रदेश को, देश भर में अग्रणी राज्यों में खड़ा करने के लिए हम क्रियाशील हैं। मंत्री श्री परमार ने कहा कि भविष्य में सृजन कार्यक्रम, प्रदेश की विभिन्न संस्थानों में भी सम्पादित करने की कार्य योजना बनाई जाएगी। मंत्री श्री परमार ने सृजन के आयोजकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों और उनके मेंटर्स को शुभकामनाएं भी दीं। तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री परमार ने सृजन अंतर्गत शोधार्थी विद्यार्थियों के चयनित नवाचारी प्रोजेक्ट्स पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। मंत्री श्री परमार ने सृजन कार्यक्रम की स्मारिका का विमोचन भी किया। इस दौरान मंत्री श्री परमार ने शोधार्थियों के नवाचारी प्रोजेक्ट्स का अवलोकन कर, उनका मनोबल भी बढ़ाया। इस प्रदर्शनी में 1600 से अधिक प्राप्त प्रविष्टियों में से, चयनित 150 नवाचारी प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शन के लिए स्थान दिया गया है। सचिव तकनीकी शिक्षा श्री रघुराज राजेन्द्रन ने कहा कि समाज की चुनौतियों के समाधान उद्यमी और नवाचारी ही कर सकते है। उद्यमियों और नवाचारियों को स्वयं को प्रेरित करने से ही, लोककल्याण के लिए समाधान निकलेंगे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राजीव त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों के रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना, सृजन का उद्देश्य है।

## चिकित्सा आपदा की तैयारियों को लेकर सीएमएचओ ने ली नोडल अधिकारियों और संस्था प्रभारियों की बैठक

**भोपाल ।** पड़ोसी देश के साथ मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए आपातकालीन चिकित्सा तैयारियों के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल द्वारा शनिवार को विभागीय नोडल अधिकारियों, अस्पताल अधीक्षकों, खंड चिकित्सा अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों की जानकारी देकर तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संभावित चिकित्सा आपात स्थितियों के लिए उच्च अलर्ट पर रहने और व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने के लिए बिंदुवार चर्चा की गई। सीएमएचओ ने नोडल अधिकारियों और संस्था प्रभारियों को अधीनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं में आपातकालीन स्थिति के दौरान मास कैजुअल्टी प्रबंधन के लिए विद्युत व्यवस्था , जनरेटर, पानी, ऑक्सीजन, अग्निशमन यंत्रों की जांच कर उन्हें सक्रिय अवस्था में रखने के निर्देश दिए गए। सभी बड़े अस्पतालों में लैंडलाइन नंबर को एक्टिव कर संस्था में आने वाले मरीजों को इसकी जानकारी दी जाएगी ताकि इंटरनेट सेवा बाधित होने पर इन नंबरों पर संपर्क किया जा सके। अस्पतालों में ड्रग स्टोर के साथ साथ सभी आवश्यक दवाइयां वार्ड में भी रखी जाएंगी। इमरजेंसी की स्थिति में जनरेटर, इन्वर्टर के साथ साथ ड्राई बैटरी टॉर्च की व्यवस्था भी की जाएगी। उपकरणों और दवाइयों की नियमित मॉनिटरिंग चेकलिस्ट बनाकर की जाएगी।

# नेशनल लोक अदालत में करादाताओं ने दिखाया उत्साह

## 07 हजार 800 से अधिक प्रकरण हुए निराकृत करदाताओं ने जमा की 10 करोड़ 87 लाख रूपये से अधिक की राशि

**भोपाल ।** नेशनल लोक अदालत के तहत नगर निगम, भोपाल के वार्ड कार्यालयों, जोन कार्यालयों एवं आयोजित शिविरों में करदाताओं ने अपार उत्साह दिखाया और संपत्तिकर एवं जलदर सहित अन्य प्रकरणों में अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ लेकर प्रकरण निराकृत कराए और समाचार लिखे जाने तक 07 हजार 800 से अधिक करादाताओं ने 10 करोड़ 87 लाख रूपये से अधिक की राशि जमा कराई। करदाताओं द्वारा प्रकरणों का निराकरण कराकर करों की राशि जमा करने का क्रम अभी भी जारी है। महापौर श्रीमती मालती राय के निर्देश एवं निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के आदेशों के परिपालन में निगम के संपत्तिकर/राजस्व अमले द्वारा नेशनल लोक अदालत 10 मई 2025 के लिए शिविरों के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य किया गया और किसी भी करदाता को करों की राशि जमा किये बगैर वापस नहीं जाने दिया। निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने वार्ड कार्यालयों/शिविरों का सतत रूप से निरीक्षण किया और राजस्व अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नेशनल लोक अदालत के तहत शनिवार को निगम के सभी वार्ड कार्यालयों, जोन कार्यालयों एवं आयोजित शिविरों में प्रातः काल से ही करदाताओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया जो देर शाम तक जारी है।

समाचार लिखे जाने तक अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ उठाकर 07 हजार 800 से अधिक करदाताओं ने अपने प्रकरणों का निराकरण कराकर करों की राशियों का भुगतान करते हुए निगम कोष में 10 करोड़ 87 लाख 97 हजार रूपये से अधिक की राशि जमा कराई।

## थाना महाराजपुर डायल 112/100 टीम ने चलती ट्रेन से गिरे घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल

**भोपाल ।** आज रात्रि करीब 1 बजे रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल से थाना महाराजपुर पुलिस को ग्राम सिंहपुर में चलती ट्रेन से एक युवक के गिरने की सूचना प्राप्त हुई। थाना महाराजपुर आकस्मिक पुलिस सेवा डायल 112/100 टीम मौके पर पहुंची। घायल को प्राथमिक उपचार दिया गया एवं आवश्यक उपचार हेतु शासकीय अस्पताल महाराजपुर में भर्ती करवाया गया। घायल युवक जिला बांदा तहसील बबेरू के ग्राम मनका का निवासी है।

## नगरीय विकास की योजनाओं के बेहतर प्रबंधन के लिये लीन मैनेजमेंट का हो उपयोग

**भोपाल ।** शहरी मामलों के विशेषज्ञ प्रो. सुभाष रस्तोगी ने कहा है कि नगरीय विकास से जुड़ी योजनाओं में बेहतर प्रबंधन के लिये लीन मैनेजमेंट (Lean Management) का उपयोग होना चाहिए। इसके उपयोग से किसी भी कार्य में कीमत को प्रभावित किये बिना टॉस्क को पूरा करने के समय को कम करने साथ ही कर्मचारियों के काम करने की परिस्थितियों में आवश्यक सुधार किया जाता है। प्रो. रस्तोगी नगरीय विकास विभाग के अधिकारियों की भोपाल में हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला भी मौजूद थे। प्रो. रस्तोगी ने कहा कि लीन मैनेजमेंट प्रक्रियाओं को प्रबंधित करने और काम को संगठित करने का एक तरीका है। जिसका उद्देश्य कंपनी की उत्पादकता और दक्षता में वृद्धि करना होता है। उन्होंने कहा कि इस नीति का अर्थ अपने उत्पादों की गुणवत्ता और उनकी लाभप्रदता में वृद्धि करना है। यह उत्पादन और व्यावसायिक प्रक्रियाओं को अनुकूलित करके हासिल किया जाता है। प्रो. रस्तोगी ने बताया लीन मैनेजमेंट में माल की कीमत को प्रभावित किये बिना किसी टॉस्क को पूरा करने के समय को कम करना, साथ ही जिन स्थितियों में कर्मचारी काम करते हैं, उनमें भी आवश्यक रूप से सुधार किया जाता है। अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही नगरीय विकास परियोजनाओं में तेजी लाने के उद्देश्य से शहरी मामलों के विशेषज्ञ प्रो. रस्तोगी के साथ चर्चा को महत्वपूर्ण बताया।

# नागरिक देवों भवः के सिद्धांत पर अधिकारी करें कार्यः राज्यपाल

## राज्यपाल से मिले प्रदेश कॉडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों से कहा कहा है कि अतिथि देवों भव- के लोकाचार के समान नागरिक देवों भव- के सिद्धांत पर कार्य करने वाले अधिकारी के रूप में पहचान बनाएं। केवल प्रशासक के रूप में नहीं, विकसित भारत के वास्तुकार की तरह जिम्मेदारियों को समर्पण और करुणा के साथ पूरा करें। राज्यपाल श्री पटेल आर.सी.व्ही.पी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के प्रशिक्षु परिवीक्षाधीन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल से भारतीय प्रशासनिक सेवा वर्ष 2024 के मध्यप्रदेश कॉडर के अधिकारियों ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश जनजातीय बहुल राज्य है। इसका विकास तभी संभव है, जब जनजातियों के कल्याण और विकास के प्रयासों में सहानुभूति और समानुभूति हो। उन्होंने कहा कि गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारी जो नीतियाँ है, जो निर्णय हुए है और जो काम वह कर रहे है, वह अगले हजार वर्षों के भविष्य को आकार देने वाले हैं। समय की मांग है कि प्रशासनिक अधिकारी कार्य प्रक्रिया और नीति निर्माण आने वाले वर्षों के समग्र भारत के विकास के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के अनुसार करें। भारत के समग्र विकास का मतलब यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी गांव, कोई भी परिवार और कोई भी नागरिक विकास के पथ पर पीछे नहीं छूटे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी को सेवक



के भाव से कार्य करना चाहिए। व्यवहार और भाषा में विनम्रता और संवेदनशीलता जरूरी है। गरीबी, अभाव और अज्ञानता से जूझ रहे लोगों तक विकास को पहुँचाना प्रशासनिक अधिकारियों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि वंचितों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकसित भारत अभियान के द्वारा पूरी सरकार उनके द्वार पर पहुँची थी। राज्यपाल के रूप में स्वयं उन्होंने 21 जिलों में भ्रमण किया था। उन्होंने कहा कि अधिकारी के रूप में आपको वंचितों के प्रति सहानुभूति और समानुभूति के साथ कार्य करना होगा, इसलिए सबसे पिछड़े क्षेत्र और व्यक्तियों तक पहुँचने को प्राथमिकता दे। उनके अभावों, अपेक्षाओं और आवश्यकता का अनुभव करें। उनको दूर करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान ऐसे पालक मिलेंगे जो स्कूल दूर होने के कारण बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे होंगे। उनकी समस्या के समाधान में आपका सहयोग बहुत जरूरी है। उनको अपने व्यवहार से बताए कि आप उनके सेवक है। राज्यपाल श्री पटेल ने वंचित के घर पीने के लिए पानी मांगने का दृष्टांत सुनाया। अधिकारी ने वंचित वर्ग के घर पहुँच कर पीने का पानी मांगा। देर से पानी आने पर पीने से पहले विलंब का कारण पूछा, जब पता चला कि पानी का बर्तन मांग कर लाने के कारण विलंब हुआ है तो उन्होंने पानी नहीं पिया। कहा कि वह घर में उपलब्ध बर्तन में ही पानी पिएंगे। अधिकारी की इस चैतन्यता और व्यवहार ने उसके सामने बस्ती के वंचितों की स्थिति का पूरा खाका खींच दिया। साथ ही परिवार के साथ आत्मीयता के संबंध से वास्तविक स्थिति का फीडबैक भी प्राप्त कर लिया। राज्यपाल को अकादमी की ओर से स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम भेंट किया। संचालक नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के संचालक श्री मुजीबुर्रहमान खान ने स्वागत उद्बोधन दिया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के 52 सप्ताह के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया की आकदमी में अधिकारी 5 सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। शेष अवधि में जिला स्तर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली का अनुभव प्राप्त करेंगे। अधिकारियों को प्रशिक्षण से संबंधी विभागीय परीक्षा भी देनी होगी। राज्यपाल को भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी श्री अनिकेत शॉंडिल्य ने प्रशिक्षण के अनुभव की जानकारी दी। आभार प्रदर्शन अकादमी की विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी सुश्री नेहा भारतीय ने किया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com